# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 11 जून 2025







छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग टॉप-10 सट्टा लीग में शामिल खिलाड़ियों की लोकप्रियता का असर

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट लीग में भी ऑनलाइन सट्टा, 1 एक्स बैट समेत कई एप्स में चौके-छक्कों के साथ बरस रहा पैसा

ललित राठौड़ ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

आईपीएल सीजन के समाप्त होते ही सट्टेबाजों की नजर अब छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन पर टिकी है। 6 जून से शुरू हुई इस लीग में हर मैच के साथ ऑनलाइन सट्टेबाजी चल रही है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कई ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट्स और ऐप्स के जरिए हर गेंद, ओवर, विकेट और मैच के नतीजों पर सट्टा खेला जा रहा है, जहां भाव लगातार बदलते नजर आ रहे हैं। बता दें कि आईपीएल के समापन के बाद देशभर में मुंबई, चेन्नई, उत्तर प्रदेश, बंगाल और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में स्थानीय क्रिकेट लीग्स का आयोजन हो रहा है, जिनमें आईपीएल के स्टार खिलाड़ियों समेत कई भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। इससे इनकी की लोकप्रियता में खासा इज़ाफा हुआ है।

हरिभूमि टीम ने इन ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट्स की पड़ताल की, जिसमें यह सामने आया कि देशभर की टॉप 10 लीग्स में अब छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग भी शामिल हो गई है। 1 एक्स बैट, अन्ना रेड्डी, क्रिकेट 99 समेत अन्य ऑनलाइन वेबसाइट में




सट्टा बड़े स्तर पर खेला जा रहा है। आईपीएल में शशांक सिंह की लोकप्रियता का असर सीसीपीएल पर भी दिख रहा है। बिलासपुर टीम के कप्तान के रूप में शशांक जब मैदान पर उतरते हैं, तो सट्टा बाजार में उनके नाम पर भाव तेजी से चढ़ते हैं।

इसी तरह रायपुर और राजनांदगांव के मैचों के दौरान भी सट्टेबाजी जोरों पर है। दोनों टीमों के कप्तान प्रदेश के जाने-माने खिलाड़ी हैं। राजनांदगांव टीम के कप्तान अजय मंडल इस साल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से चुने गए थे, जिससे उनकी लोकप्रियता भी सट्टा बाजार में बढ़ी है।

## मैच की हार-जीत पर दोगुना सट्टा भाव

छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के पहले मैच से ही ऑनलाइन सट्टा सक्रिय हो गया है। शुरुआती मुकाबले में सुपर ओवर के कारण मैच बेहद रोमांचक रहा, जिससे सट्टेबाजों का रुझान और बढ़ गया। मंगलवार को राजनांदगांव और सरगुजा के बीच हुए मुकाबले में भी सट्टा एप्स पर दो गुना भाव देखे गए। जांच में सामने आया है कि रायपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव में सट्टेबाजों को भाव अधिक मिल रहे हैं। खासकर 15 ओवर के बाद भाव में अचानक तेजी देखी जाती है, जिससे कई लोग अंतिम ओवरों में बड़ी रकम लगाते हैं। लीग में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एंटी करप्शन यूनिट की टीम भी पूरी तरह सक्रिय है। स्टेडियम के चारों ओर सादी वर्दी में तैनात टीमें हर गतिविधि पर नजर रख रही हैं। स्टेडियम में प्रवेश से लेकर दर्शकों की गतिविधियों तक पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

## इस बार अंतरराष्ट्रीय लेवल पर चल रहा लीग मैच

*इस बार छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रही है। पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि लीग की टीमों पर ऑनलाइन सट्टा खेला जा रहा है। पिछले साल तक ऐसा कोई रुझान नहीं था, लेकिन इस बार लीग में अंतरराष्ट्रीय अंपायरों और कॉमेंटेटरों की मौजूदगी ने इसे देशभर पहचान दिलाई है। लीग की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, जिसके चलते देशभर के बड़े सट्टेबाजों ने अपनी वेबसाइटों पर लीग को शामिल कर लिया है। अब छत्तीसगढ़ के लोग भी बड़ी संख्या में टीमों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने लगे हैं। बता दें कि इससे पहले रायपुर में खेले गए लीजेंड खिलाड़ियों के दो टूर्नामेंटों में भी जमकर सट्टा खेला गया था। अब सट्टेबाजों की नजर सीसीपीएल के स्टेडियम में हो रहे मुकाबलों पर टिकी हुई है।*

## खबर संक्षेप

### शुभांशु शुक्ला आज रचेंगे इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत के शुभांशु शुक्ला तीन विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ 11 जून को



बुधवार शाम को फ्लोरिडा, अमेरिका से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होंगे। शुभांशु अपने 14-दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न भारतीय एजेंसियों के लिए 7 रिसर्च प्रयोग करेंगे।

### घी के डिब्बे के अंदर मिले 10 ग्रेनेड

**राजौरी।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। ठिकाने से 10 यूबीजीएल ग्रेनेड बरामद हुए हैं, जो कि एक बड़े घी के डिब्बे के अंदर छिपाए गए थे। इसके साथ ही 50 छोटी बैटरियां, 10 टॉर्च की बैटरियां, 3 चम्मच, 1 टूथब्रश, 2 कंघी, 1 प्लास्टिक का तिरपाल, 1 कंबल, प्लास्टिक का 1 कैन आदि मिला है।

### बेंगलुरु भगदड़ मामले की 12 को होगी सुनवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

**नक्सली हमले में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। उनका दाह संस्कार मंगलवार को राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। गमगीन माहौल में उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। पत्नी ने सैल्यूट कर अपने शहीद पति को अंतिम विदाई दी।**

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों सहित पुलिस अफसरों ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



# गमगीन माहौल में पुत्र ने दी मुखाग्नि, पत्नी ने सैल्यूट किया, आकाश में विलीन हुए 'आकाश'



अंतिम विदाई



घर से निकली अंतिम यात्रा, राजधानी के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अफसर भी उपस्थित रहे।

इससे पूर्व माना पुलिस बटालियन में शहीद गिरेपुंजे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री अरुण साव सहित अन्य मंत्रियों सहित पुलिस विभाग के अफसरों ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शहीद आकाश राव गिरेपुंजे के पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा सुबह उनके रायपुर स्थित घर से निकाली गई। उनकी शव यात्रा को वाहन में निकाला गया, जिसे फूलों से सजाया गया था। ▶▶| शेष पेज 7 पर

## मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष सहित मंत्रियों ने दिया कंधा

*माना बटालियन में शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों ने उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर विदाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद गिरेपुंजे के शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की और उन्हें इस कठिन समय में ढाढ़स बंधाया।* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मौके पर पहुंचे आईजी

## आगजनी के बाद लगाया था बम, करीब ही एक और बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के कोंटा स्थित डोण्डरा गांव के करीब क्रेशर प्लांट में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी बलास्ट मामले की जांच करने मंगलवार को आईजी व एसएफएल की टीम मौके पर पहुचीं। इस दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए एक और आईईडी सुरक्षित बरामद कर मौके पर डिफ्यूज किया गया। महत्वपूर्ण यह बताई जा रही है कि आगजनी के बाद आईईडी प्लांट किया गया था। आईजी सुंदरराज पी ने शेष पेज 7 पर

### इसलिए प्रेशर आईईडी डिटेक्ट करना चुनौतीपूर्ण

*आईजी ने बताया कि जिस जगह घटना हुई, वह हाईवे से लगभग 6 सौ मीटर अंदर क्रेशर प्लांट था, जहां पूर्व से कई गड्ढे और पत्थर पड़ा हुआ था। यही वजह थी कि एक नजर में आईईडी की पहचान करना मुश्किल था। सामान्य इलाके में प्रेशर आईईडी या कमांड आईईडी प्लांट किए जाने पर कोई न कोई निशान मिल जाता है। खदान इलाका होने के चलते आईईडी डिटेक्ट* ▶▶| शेष पेज 7 पर

समारोह में होंगे शामिल

# केंद्रीय मंत्री शाह 16 को करेंगे बस्तर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक बार फिर से बस्तर दौरा हो रहा है। 16 जून को वे आ रहे हैं। उनका अभी पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। बस्तर में वे अधिकारियों की बैठक लेने के साथ वहां पर पुलिस अधिकारियों के सम्मान समारोह में भी शामिल होंगे। वे रायपुर में भी नक्सल मुद्दे पर बैठक ले सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अगले साल मार्च तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने ▶▶| शेष पेज 7 पर

तोरवा टीआई की विवेचना में मिली सजा

# एएसआई की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

बांगो थाने में पदस्थ एक एएसआई की हत्या के मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध



होने पर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास व 5 सौ रुपए की अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक बांगो थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी के मकान नंबर एचडी-7 में एएसआई नरेंद्र सिंह परिहार 54 वर्ष पिता गुलजार सिंह परिहार का परिवार ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पांच सौ रुपए का अर्थदंड भी

*पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा एचके रात्रे के न्यायालय में पेश किया था, जहां मामले की सुनवाई हुई और आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर न्यायालय से उसे धारा 302 के तहत आजीवन कारावास व 5 सौ रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में प्रशासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा द्वारा मामले में पैरवी की गई है।*

आठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले

# सुकमा के शहीद एएसपी की जगह लेंगे शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के आठ अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, नक्सली हमले में शहीद आकाश राव गिरेपुंजे की जगह रोहित कुमार शाह सीएसपी सरगुजा को एएसपी सुकमा में पदस्थ किया गया है। उदित कुमार पुष्कर सीएसपी जगदलपुर को एएसपी दंतेवाड़ा, आकाश कुमार शुक्ला सीएसपी रायगढ़ को एएसपी एसटीएफ बघेरा दुर्ग, रोहित कुमार शाह सीएसपी



सरगुजा को एएसपी सुकमा, रविंद्र कुमार मीणा सीएसपी कोरबा को एएसपी बीजापुर, अमन कुमार रमन सीएसपी रायपुर को एएसपी बीजापुर, आकाश श्रीश्रीमाल सीएसपी जगदलपुर को एएसपी भानुप्रतापपुर, अजय कुमार सीएसपी सिविल लाइंस रायपुर को एएसपी जगदलपुर, अक्षय प्रमोद साबद्रा सीएसपी बिलासपुर को एएसपी नारायणपुर पदस्थ किया गया है।

झारखंड से आए थे दल्लीराजहरा

# कंपनी के गुंडों के डर से भागे 11 में से 4 मजदूर ट्रेन से कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कुसुमकसा

कंपनी के गुंडों के डर से अपनी जान बचाकर रात के अंधेरे में भागे 11 मजदूरों में 4 की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में दल्लीराजहरा पुलिस जांच कर रही है। घटना मंगलवार सुबह करीब 4 बजे कुसुमकसा से दल्लीराजहरा के बीच रेलवे लाइन की है। जानकारी के अनुसार झारखंड से लगभग 45 दिन पहले कुछ मजदूर एक कंपनी के माध्यम से दल्लीराजहरा काम करने आए थे। मासिक भुगतान के दौरान मजदूरों व कंपनी के सुपरवाइजर के मध्य विवाद हो गया। मजदूरों ने वादे से भुगतान कम करने का आरोप लगाया। विवाद का कारण यही था। कम भुगतान मिलने पर ▶▶| शेष पेज 7 पर





## दो मृतकों की शिनाख्त, दो की पहचान बाकी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम ग्राम लक्ष्मणपुर थाना चपचाची जिला धमबाद झारखंड निवासी कृष्णा राय (20) व ग्राम लक्ष्मणपुर थाना चपचाची जिला धमबाद झारखंड निवासी ढिल्लू राय (19) बताए जा रहे हैं। दो अन्य मृतकों के नाम स्पष्ट नहीं हो सके हैं। मृतकों के परिजनों के नहीं आने के कारण मंगलवार को शव परीक्षण नहीं हो सका है।

### थकान की वजह से रेलवे ट्रैक पर ही सो गए

झारखंड से आए 11 मजदूर दल्लीराजहरा पहुंचे थे। सभी पटरी के सहारे पैदल चलते हुए अपने सामान के साथ आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान थकावट की वजह से चार मजदूर रेलवे ट्रैक पर ही सो गए, जबकि 7 मजदूर उनसे कुछ दूरी पर आगे निकल चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही जब रेलवे और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो ट्रेन से कटने के कारण दोनों युवकों के शव कई हिस्सों में बंट चुके थे, जबकि 2 अन्य युवक पटरी के किनारे तड़पते हुए मिले। आस पास उनका सामान, मोबाइल और बैग बिखरे पड़े थे, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।




# GALGOTIAS UNIVERSITY NOW RANKED AMONGST THE WORLD'S BEST

## BY QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

Launched India's 1st and Finest AI led Active Learning Campus @ Galgotias University

IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

**G-SCALE**
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

- Record Breaking Placements
- Facilitating more Learning through Active/Collaborative Engagement
- Fostering Entrepreneurial Spirit. Cultivating Job Creators over Job Seekers
- Being in NCR and in close proximity with major industrial, corporate and aviation hubs, our students get the best of the faculty and industry exposure that enable our students to have a distinct edge over other universities

Our Students selected for
**ASEAN SUMMER**
@
Nanyang Technological University, Singapore




Yash Vardhan Raj
B.Sc. (Microbiology)

Priyanshu Yadav
B.Tech
(Computer Science & Engineering)

## Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Certificate/Ph.D. Programmes

## UG Programs

### School of Computer Science & Engineering
- B.Tech in Computer Science and Engineering (NBA Accredited)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Data Science)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Cyber Security and Digital Forensic)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Business Analytics and Optimization)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Computer Network and Cyber Security)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Data Analytics)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Gaming Technology)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Cloud Computing and Virtualization)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Full Stack Development)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Internet of Things and Cyber Security Including Block Chain Technology)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
- B.Tech in Artificial Intelligence and Machine Learning
- B.Tech in Artificial Intelligence and Data Science
- B.Tech in Computer Science and Engineering - (For Working Professionals Only)

### School of Computer Applications & Technology
- B.Sc (Hons) Computer Science*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Cloud Computing)*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Cyber Security)*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Data Science)*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Game Design and Development)*
- BCA*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Artificial Intelligence and Machine Learning)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Cloud Computing and Virtualization)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Computer Networks and Cyber Security)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Data Analytics)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Multimedia and Animation)*
- Integrated BCA + MCA

### School of Artificial Intelligence
- B.Sc. in AI (Digital Twin and Extended Reality XR)
- B.Sc. in AI (Agentic AI - Autonomous Intelligent Systems)
- B.Sc. in AI (Agritech and Smart Farming)
- B.Sc. in AI (Robotics and Intelligent Systems)
- B.Sc. in AI (Healthcare and Bioinformatics)
- B.Sc. in AI (Data Science and Advanced Analytics)
- BBA in AI (Fintech and Banking Innovation)
- BBA in AI (Human Resource Management)
- BBA in AI (Digital Marketing and Consumer Insights)
- BBA in AI (MediaTech and Content Intelligence)
- BBA in AI (Supply Chain and Operations Management)

### School of Engineering
**Department of Civil Engineering:**
- B.Tech in Civil Engineering
- B.Tech (Hons) in Civil Engineering (Smart Cities)
- B.Tech in Civil Engineering (Geographical Information Systems and Remote Sensing) (New)

**Department of Electrical, Electronics & Communication Engineering**
- B.Tech in Electronics and Communication Engineering (NBA Accredited)
- B.Tech in Electronics and Computer Engineering (New)
- B.Tech in Electronics and Communication Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- B.Tech Electronics Engineering (VLSI Design and Technology)
- B.Tech Electronics and Communication (Advanced Communication Technology)
- B.Tech in Electrical Engineering
- B.Tech in Electrical Engineering (Electric Vehicle)
- B.Tech in Electrical and Computer Engineering (New)
- B.Tech in Electrical and Electronics Engineering
- B.Tech in Embedded Systems
- B.Tech in Electronics and Communication Engineering (For Working Professionals Only)

**Department of Mechanical Engineering:**
- B.Tech Mechanical Engineering (NBA Accredited)
- B.Tech Mechanical Engineering with specialization in E-Vehicles & Autonomous Vehicles
- B.Tech in Robotics
- B.Tech in Mechatronics
- B.Tech Mechanical Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- B.Tech Mechanical Engineering (For Working Professionals Only)

### School of Defence Technology
**B.Tech / M.Tech in Defence Technology with specialisations in:**
- Aerospace Technology
- Communication Systems & Sensors
- AI & Cyber Security
- Directed Energy Technology

### School of Business
**Department of Management**
- BBA*
- BBA Business Analytics*
- BBA Marketing and Automobile Management*
- BBA Digital Marketing
- BBA with ACCA
- Integrated MBA (BBA with MBA)

**Department of Finance**
- BBA Banking, Financial Services and Insurance*

### School of Aviation, Logistics & Tourism Management
- BBA Aviation Management*
- BBA Logistics and Supply Chain Management*
- BBA (Tourism & Travel)*

### School of Liberal Education
- BA (Hons.) in Psychology*
- BA (Hons.) in Economics*
- BA (Hons.) in Political Science*
- BA (Hons.) in Sociology*
- BA (Hons.) in Liberal Arts
- BA (Hons.) in Social Work
- BA (Hons.) in Public Policy & Governance
- B.Sc (Hons. with Research) in Economics

### School of Languages
- BA (Hons) Japanese
- BA (Hons) French
- BA (Hons) English*

### School of Finance & Commerce
- B.Com. (Hons)*
- B.Com. (Hons) International Accounting and Finance*
- B.Com (Hons) Applied Finance and Analytics*
- B.Com (Hons) Financial Markets*
- BBA Financial Investment Analysis*

### School of Basic Sciences
- B.Sc. (Hons) Chemistry*
- B.Sc. (Hons) Mathematics*
- B.Sc. (Hons.) Physics*
- B.Sc (General) PCM*

### School of Biosciences & Technology
**Department of Biotechnology & Bioengineering**
- B.Tech in Biotechnology
- B.Tech in Biomedical Engineering
- B.Tech Chemical and Biochemical Engineering

**Department of Life Sciences**
- B.Sc (General) ZBC*
- B.Sc (Hons) Biomedical Science*
- B.Sc (Hons) in Microbiology*
- B.Sc (Hons) in Zoology*
- B.Sc (Hons) Biochemistry*
- B.Sc (Hons) Biological Science*
- B.Sc. (Hons) Biotechnology*

**Department of Food Technology**
- B.Sc in Food Science and Dietetics*
- B.Tech in Food Technology

**Department of Biomedical Sciences**
- B.Sc in Healthcare and Clinical Research*
- B.Sc in Medical Biotechnology*
- B.Sc. in Clinical Nutrition & Dietetics*
- B.Sc (Hons.) in Healthcare and Hospital Management*

**Department of Forensic Sciences**
- B.Sc. (Hons.) in Forensic Science*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Questioned in Documents and Fingerprints*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Forensic Biology and Serology*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Forensic Toxicology and Explosives*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Cyber and Multimedia Forensics*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Forensic Physics and Ballistics*
- Integrated B.Sc. and M.Sc. in Forensic Science

### School of Agriculture
- B.Sc (Hons.) Agriculture

### School of Law
- Bachelor of Law (LLB) (Hons) approved by Bar Council of India
- Integrated BA + LLB (Hons) (approved by Bar Council of India)
- Integrated BBA + LLB (Hons) (approved by Bar Council of India)

### School of Allied Health Sciences
- B.Sc Yoga Therapy
- Bachelor of Physiotherapy
- B.Sc Medical Lab Technology
- B.Sc in Operation Theatre Technology (New)
- Bachelor of Optometry
- B.Sc Cardiovascular Technology
- B.Sc in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)

### School of Medical and Allied Sciences
- Bachelor of Pharmacy (Approved by Pharmacy Council of India) (NBA Accredited)

### School of Nursing
- B.Sc. in Nursing (approved by Indian Nursing Council)

### School of Media & Communication Studies
- BA (Hons.) in Digital Media and Communication (in association with India Today Media Institute)
- BA Journalism and Mass Communication*
- BA Journalism and Media
- BA Film Production and Theatre*
- BA Strategic Communication*
- B.Sc. Cinema in association with GKFTII

### School of Hospitality
- Bachelor of Hotel Management
- B.Sc. Hotel Management*

### School of Design
- Bachelor of Design (Fashion Design) (In Association with GKFTII)
- Bachelor of Interior & Spatial Design
- Bachelor of Design in Advertising, Graphics & Web Design
- Bachelor of Design (Communication Design)
- Bachelor of Design (Product Design)
- B.Sc. Fashion Design (In Association with GKFTII)

### School of Education
- B.Ed. (approved by National Council for Teacher Education)

### School of Vocational Education
- Bachelor of Vocation in Telecom
- Bachelor of Vocation in Electronic Manufacturing
- Bachelor of Vocation in Agriculture Processing
- Bachelor of Vocation in Graphic Design & Multimedia Technologies
- Bachelor of Vocation in Retail Management
- Bachelor of Vocation in Building and Construction Technology
- Bachelor of Vocation in Food Processing
- Bachelor of Vocation in Hospitality and Tourism
- Bachelor of Vocation in Automobile Manufacturing
- Bachelor of Vocation in Logistics Management
- Bachelor of Vocation in Banking and Financial Services and Insurance
- Bachelor of Vocation in Medical Lab Technology
- Bachelor of Vocation in Health Care Management
- Bachelor of Vocation (Multimedia and Visual Communication) in association with Ecole Intuit Lab
- Bachelor of Vocation (Multimedia and Digital Product Design) in association with Ecole Intuit Lab
- Bachelor of Vocation (Multimedia and Game Art and Design) in association with Ecole Intuit Lab

*For selected 3 Year Undergraduate programs, you have the option to continue for 4th year to obtain an Honours with Research Degree.

## PG Programs

### School of Computer Science & Engineering
- M.Tech in Data Science
- M.Tech in Computer Science Engineering
- M.Tech in Computer Science Engineering- Artificial Intelligence & Machine Learning
- M.Tech in Computer Science and Engineering - Cyber Security (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Computer Science and Engineering - Data Science (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Computer Science Engineering - (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Computer Science Engineering - Artificial Intelligence & Machine Learning - (For Working Professionals Only)

### School of Computer Applications & Technology
- M.Sc. in Computer Science
- MSc. in Data Science
- MCA
- MCA (Industry Oriented Specialization in Web Designing & Security)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Cloud Computing)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Computer Network & Cyber Security)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Artificial Intelligence & Machine Learning)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Data Analytics)

### School of Engineering
**Department of Civil Engineering:**
- M.Tech in Geotechnical Engineering
- M.Tech in Structural Engineering
- M.Tech in Transportation Engineering
- M.Tech in Structural Engineering (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Transportation Engineering (For Working Professionals Only)

**Department of Electrical, Electronics & Communication Engineering**
- M.Tech in Power System Engineering
- M.Tech in Communication Engineering (Satellite Communication)
- M.Tech Electronics Engineering (VLSI Design and Technology)
- M.Tech Electronics and Communication (Advanced Communication Technology)
- M.Tech in Power System Engineering (For Working Professionals Only)

**Department of Mechanical Engineering:**
- M.Tech in Industrial & Production Engineering
- M.Tech in Mechanical Engineering (CAD/CAM & Robotics)

### School of Business
**Department of Management**
- MBA Dual Specialization (NBA accredited)
- MBA (Digital Marketing)
- Post-Graduate Diploma in Advanced Sustainability Practices and Innovations
- Post-Graduate Diploma in Environmental, Social, and Governance (ESG) and Sustainable Development Goals (SDG) Practices
- Post-Graduate Diploma in Strategic Entrepreneurship
- Post-Graduate Diploma in Advanced Entrepreneurship and Venture Development

### School of Aviation, Logistics & Tourism Management
- MBA (Aviation Management)
- MBA (Logistics and Supply Chain Management)
- MBA Tourism & Travel Management

### School of Liberal Education
- MA in Psychology
- MA in Economics
- MA in Political Science
- MA in Sociology
- MA in Social Work
- MA in Politics and International relations
- M.Sc. in Cognitive Sciences, Learning & Technology
- MA in Public Policy
- PG Diploma in Counselling Psychology

### School of Languages
- MA in Linguistics
- MA in French
- MA in English

### School of Finance & Commerce
- M.Com
- Master of Finance and Control
- MBA Financial Management

### School of Basic Sciences
- M.Sc. in Physics
- M.Sc. in Chemistry
- M.Sc. in Mathematics
- M.Sc. in Sustainability

### School of Biosciences And Technology
**Department of Life Sciences**
- M.Sc. in Biotechnology
- M.Sc in Biological Science
- M.Sc in Microbiology
- M.Sc in Biochemistry
- M.Sc in Biomedical Science
- M.Sc in Zoology

**Department of Food Technology**
- M.Sc in Food Safety and Quality Assurance

**Department of Biomedical Sciences**
- M.Sc in Healthcare and Clinical Research
- M.Sc. in Medical Biotechnology
- M.Sc in Food Science and Dietetics
- M.Sc. in Clinical Nutrition & Dietetics
- M.Sc in Industrial Biotechnology
- M.Sc Neuroscience with specialization in Cognitive Computing
- M.Sc Nanoscience and Technology

**Department of Forensic Sciences**
- M.Sc. in Forensic Science
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Questioned Documents and Fingerprints
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Forensic Biology and Serology
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Forensic Toxicology and Explosives
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Cyber and Multimedia Forensics
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Forensic Physics and Ballistics
- Post-Graduate Diploma in Questioned Documents and Fingerprints
- Post-Graduate Diploma in Crime Scene Management
- Post-Graduate Diploma in Forensic Photography
- Post-Graduate Diploma in Forensic Toxicology and Explosives
- Post-Graduate Diploma in Forensic Biology and Serology
- Post-Graduate Diploma in Forensic Ballistics
- Post-Graduate Diploma in Multimedia Forensics
- Post-Graduate Diploma in Cyber and Digital Forensics

**Department of Biotechnology & Bioengineering**
- M.Tech Biotechnology & Biochemical Engineering
- M.Tech Biomedical Engineering

### School of Agriculture
- M.Sc (Agriculture) Agronomy
- M.Sc (Agriculture) Entomology
- M.Sc (Agriculture) Soil Science
- M.Sc (Hort.) Fruit Science
- MBA (Agribusiness Management)
- MBA (Agribusiness Management) in association with SARM
- MBA Rural Management in association with SARM

### School of Law
- Master of Law (LLM) in Constitutional law and Governance
- Master of Law (LLM) in Corporate Law
- Master of Law (LLM) in Criminal Law & Criminal Justice
- Master of Law (LLM) in Environmental Law
- Master of Law (LLM) in Intellectual Property Law
- Master of Law (LLM) in Law and Emerging Technology

### School of Allied Health Sciences
- Master of Physiotherapy (Cardiology)
- Master of Physiotherapy (Sports Medicine)
- Master of Physiotherapy (Orthopaedics)
- Master of Physiotherapy (Neurology)
- Masters in Optometry
- M.Sc in Cardiovascular Technology
- M.Sc in Medical Lab Technology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology- Clinical Biochemistry
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology- Clinical Microbiology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology-Pathology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology- Clinical Hematology
- M.Sc (Yoga Therapy)
- MBA in Healthcare Management
- Post Graduate Diploma in Medical Music Therapy

### School of Medical and Allied Sciences
- Master of Pharmacy (Pharmaceutical Chemistry) Approved by Pharmacy Council of India
- Master of Pharmacy (Pharmaceutics) Approved by Pharmacy Council of India
- Master of Pharmacy (Pharmacology) Approved by Pharmacy Council of India
- MBA in Pharmaceutical Management

### School of Media & Communication Studies
- M.A in Journalism and Mass Communication
- M.Sc. Cinema in association with GKFTII

### School of Design
- M.Sc. in Fashion Design (In Association with GKFTII)
- M.Des. in Interaction Design
- M.Des. in Interior and Spatial Design
- M.Des. in Design Research & Insights

### School of Education
- M.Ed (approved by National Council for Teacher Education)

### School of Vocational Education
- MA Child Psychology (Internship/ Apprenticeship Embedded)

## Diploma Programs

### School of Allied Health Sciences
- Yoga Instructor Course (YIC)
- Diploma in Advanced Music Therapy

### School of Medical & Allied Sciences
**Department of Pharmacy**
- Diploma in pharmacy (D.Pharm) (Approved by Pharmacy Council of India)

### School of Polytechnic
**Galgotias Polytechnic**
- Diploma in Computer Science & Engineering
- Diploma in Computer Science & Engineering (Network Essentials)
- Diploma in Computer Science & Engineering (Web Designing)
- Diploma in Computer Science & Engineering (Cloud Computing & IT Infrastructure)
- Diploma in Computer Science & Engineering (AI & ML)
- Diploma in Computer Science & Engineering (Data Analytics)
- Diploma in Electric Engineering (Electric Vehicle)
- Diploma in Electric Engineering (Renewable Energy)
- Diploma in Electronics & Communication Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering (Electric Vehicle)
- Diploma in IC Manufacturing
- Diploma in Civil Engineering
- Diploma in Electrical Engineering

## Certificate Programs

### Department of Forensic Sciences
- Certificate course in Social Media Crimes
- Certificate course in Advanced crime scene management
- Certificate course in Forensic photography
- Certificate course in Graphology and personality profiling

### School of Media & Communication Studies
**All certificate courses are in association with India Today Media Institute**
- Certificate Course in Art of Anchoring & Presentation
- Certificate Course in AI in Newsroom
- Certificate Course in Events Management
- Certificate Course in Data Journalism
- Certificate Course in Media Graphics and Visualization
- Certificate Course in Integrated Marketing Communication

### School of Languages
- Certificate in Japanese
- Certificate in French

## The Edge That Sets Us Apart

Amongst #98 in India (Management Category)
#50 in India (Pharmacy Category)
By NIRF Ranking 2024
nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

TOP 3 in India for filing MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ — Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence QBE Rankings 2024

NBA Accredited — School of Business AACSB Business Education Alliance

TOP RANKED BY TIMES ALL INDIA ENGINEERING INSTITUTES RANKING SURVEY 2025

- Ranked 13th Amongst All India Engineering Institutes
- Ranked 11th Amongst Top Private Universities in India
- Ranked 12th for providing Top Placements PAN India
- Ranked 8th for Top Research Capability PAN India

GALGOTIAS UNIVERSITY

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP AND ENTREPRENEURSHIP
Government of UP Recognized Incubator

- Launchpad for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000

#GetYourSelfPlaced

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





- रायपुर और धमतरी जिले में हुए घोटाले की जांच करेंगे ये चार दल
- सौ से अधिक शिकायतें सामने आई, हर शिकायत की करेंगे जांच
- जांच से घोटाले से संबंधित तथ्य सामने आने की संभावना है

# घोटालों की भारतमाला, जांच के लिए अब चार टीमें, 100 से अधिक शिकायतों की करेंगी पड़ताल

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला परियोजना के तहत बन रही रायपुर विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क में मुआवजा घोटाले की जांच के सिलसिले में अब रायपुर कमिश्नर ने चार और जांच दलों का गठन किया है। इस दल में अपर कलेक्टर स्तर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। ये चार दल रायपुर और धमतरी जिले में हुए घोटाले की जांच करेंगे। खास बात ये है कि ये पूरा घोटाला सामने आने के बाद प्रभावितों से दावा आपत्तियां मंगाई गई थीं। बताया गया है कि सौ से अधिक शिकायतें सामने आई हैं। जांच दल हर शिकायत की जांच करेंगे।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार इस मामले में मंगाई गई दावा आपत्तियां सामने आने के बाद उनका निराकरण किया जाना ▶▶|शेष पेज 7 पर

वरिष्ठ अफसर जांच दल में किए गए शामिल | दावा-आपत्ति के बाद शिकायतों का लगा ढेर

## एक ही परिवार के कई सदस्यों को मुआवजा

पूर्व की रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है, उनमें ज्यादातर ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर ही भूमि चढ़ा दी गई थी। इनमें किसी परिवार के 12 किसी के 10 तो कईयों के 7 से 6-5 सदस्यों के नाम पर भी भूमि दर्ज है।



## भूमि अधिग्रहण के लिए चार गांवों का हुआ था सर्वे

इस घोटाले की जांच पूर्व में भी रायपुर जिला प्रशासन द्वारा करवाई गई थी। अब यही जांच रायपुर संभाग के कमिश्नर एमडी कावरे की देखरेख में हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अभनपुर क्षेत्र में रायपुर-विशाखापट्नम इकनोमिक कॉरिडोर सड़क निर्माण भारत माला परियोजना अंतर्गत चार ग्रामों के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए सर्वे किया गया। इस सर्वे तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य लोगों ने मिलकर भूमि के खसरा और रकबा में गड़बड़ी की गई है। जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि चारों गांव में 1 से लेकर 33 नंबर तक खसरा भूमि का रकबा 1.3929 ▶▶|शेष पेज 7 पर

## एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी पहले ही जांच के शिकंजे में

रायपुर जिले के भारतमाला परियोजना में हुए घोटाले में निलंबित किए गए अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरा नवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायक बांधा जीतेंद्र साहू, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल ग्राम टोकरो के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में जांच जारी है।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चैटजीपीटी हुआ ठप लाखों यूजर्स परेशान



**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा, जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। चैटजीपीटी की सेवाओं पर सबसे ज्यादा असर भारत और अमेरिका के उपयोगकर्ताओं पर देखने को मिला।

### सूटकेस से मिला महिला का शव



**गाजियाबाद।** जिले के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर-बंथला नहर मार्ग पर मंगलवार सुबह एक सूटकेस से एक महिला का शव मिला। महिला की उम्र करीब 25 साल लगती है। इसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस नियंत्रण कक्ष को मिली सूचना पर लोनी बॉर्डर थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और सूटकेस बरामद किया, जिसमें महिला का शव था।

## राजा नहीं मरा...भरोसा मर गया

### शिलांग पुलिस का 'ऑपरेशन हनीमून'

*सोशल मीडिया पर राजा के परिजनों के शादी से पहले के वीडियो चल रहे हैं। इन वीडियो को देखकर लोगों की सोनम व उसके परिजनों के प्रति घृणा गहरी होती जा रहा है। सारे देश की संवेदना व सहानुभूति इस वक्त राजा रघुवंशी के परिवार के लिए है।*

# हत्या के बाद इंदौर आई थी सोनम, फिर पहुंची गाजीपुर, भाई ने दिया था 'ज्ञान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

सनम बेवफा... सोनम बेवफा... डायन... पिशाचिनी... राजा को आखिर क्यों मारा...शादी से मना भी कर सकती थी...राज के साथ भाग सकती थी...ऐसी ही न जाने कितनी ही बातें सोमवार से सोनम को लेकर देश के हर घर में हो रही हैं। खास तौर से महिलाओं के बीच यही विषय सर्वाधिक चर्चा और बहस का विषय है। सोशल मीडिया पर इस विषय पर कितने ही मीम्स बन रहे हैं। राजा के परिजनों के शादी से पहले के वीडियो चल रहे हैं। सारे देश की संवेदना व सहानुभूति इस वक्त राजा रघुवंशी के परिवार के लिए हैं।

इस बीच शिलांग पुलिस के एसपी विवेक सिएम लगातार नए से नए खुलासे कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने खुलासा किया कि सोनम राजा की हत्या के बाद एक दिन के लिए गुवाहाटी से ट्रेन पकड़कर इंदौर आई थी। जांच में यह भी तथ्य भी सामने आया कि राजा की हत्या करने के बाद सोनम 25 मई को इंदौर आई थी और टिगरिया बादशाह क्षेत्र के नंदबाग में एक किराए के घर में प्रेमी राज कुशवाहा के साथ रुकी थी। अगले दिन सुबह वह एक निजी टैक्सी ▶▶|शेष पेज 7 पर

## इंदौर के अवंतिका कैफे में 16 मई को सोनम-राज ने 4 लोगों के साथ मिलकर लगातार 6 घंटे तक बनाया था राजा की हत्या का प्लान



- गुवाहाटी से सोनम ट्रेन पकड़कर पहुंची थी इंदौर
- यहां एक रात राज के साथ किराए के कमरे में रुकी थी
- अगले दिन निजी टैक्सी लेकर वह गाजीपुर पहुंच गई थी

### राज सबसे बड़ा खिलाड़ी

- पूरी मर्डर मिस्ट्री में राज बहुत बड़ा खिलाड़ी निकला, उसने अपनी मां व दोनों बहनों में यह बात अच्छी तरह से भर दी कि सोनम व उसका रिश्ता भाई-बहन का
- दूसरी तरफ उसने सोनम के पिता देवी सिंह का इस तरह से विश्वास जीता कि वे अब तक मानने को तैयार नहीं हैं कि उसका हत्या में कोई हाथ है
- तीसरी तरह, जब राजा का शव उसके घर पर आया तो वह राजा के पिता व भाई को भी ढाढस दिलाता दिखा

### राजा रघुवंशी के परिवार ने मेघालय सरकार से माफी मांगी

राजा रघुवंशी की हत्या का खुलासा होने के साथ मेघालय सरकार से मृतक राजा के परिवार ने माफी मांग ली है। राजा के भाई विपिन ने कहा मेघालय सरकार के खिलाफ बयानबाजी के लिए माफी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि मेघालय पुलिस गुप्त अभियान चला रही थी। विपिन ने कहा हमारी सरकार को बदनाम करने की नीयत नहीं थी। इसके अलावा मुश्किल समय में साथ देने के लिए एमपी सरकार का भी आभार जताया।

### समाज के लिए सबक है ये घटना: सीएम डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज के लिए सबक है ये केस। यह बहुत दर्दनाक घटना है। जब हम विवाह का संबंध बनाते हैं तो बहुत बारीकी से सारी बातों का ध्यान रखने की जरूरत है और आगे जाकर बच्चों को इतनी दूर जाने देने पर विचार करने की भी जरूरत है। यह बहुत कष्टकारी घटना है।

### तीन माताओं की बात भी सुन लीजिए

**राजा रघुवंशी की मां उमा**

#### सोनम और बाकी हत्यारों को हो फांसी

राजा की मां उमा ने कहा कि मंगल दोष को खत्म करने के लिए सोनम ने राजा की हत्या की है। राजा की मां ने कहा कि पहले पति को मारकर राज के साथ खुश रहने का सोनम का प्लान हो सकता है। सोनम सहित सभी हत्यारों को फांसी की सजा मिले

**राज कुशवाहा की मां**

#### सिर्फ 20 साल का है बेटा, पुलिस फंसा रही

राजा रघुवंशी हत्याकांड के आरोपी राज कुशवाह की मां ने बचाव में कहा कि उसका बेटा सिर्फ 20 साल का है, पिता की मौत के बाद से दिनभर कपड़े की दुकान पर काम करता था और रात को अखबार वाले के यहां चला जाता था, वह मर्डर नहीं कर सकता। पुलिस उसे फंसा रही है।

**मास्टरमाइंड सोनम की मां**

#### पुलिस बेटी को फंसा रही उसका अपहरण हुआ

सोनम की मां का कहना है कि उसकी बेटी को मेघालय पुलिस फंसा रही है। इस हत्या में उसकी बेटी शामिल नहीं है। किन्हीं और ने राजा की हत्या की है। मेरी बेटी का तो अपहरण हुआ। जांच में सब साफ हो जाएगा।

# पाकिस्तान में घुसकर अटैक करने की मुहिम पर लगी मुहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में भारत का विचार पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किया। मोदी ने 33 देशों की राजधानियों की यात्रा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की मेजबानी की, जिनमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात के दौरान डेलीगेशन के सदस्यों के साथ गहन चर्चा की। यह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर भारत के पक्ष को मजबूती से रखने में सफल रहा। विशेष रूप से, इस दौरे का उद्देश्य पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति को स्पष्ट करना और अंतरराष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

- भारत लौटे दल ने पीएम मोदी को दिलाया भरोसा



### शशि थरूर का ग्रुप मंगलवार को ही भारत लौटा

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह रतिनिधिमंडल 5 देशों- अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था।

### दुनिया को दिया संदेश

- आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस : इसमें बताया कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने इसे खुद के खिलाफ हमला माना और पलटवार किया।
- पाक आतंक का समर्थक : सांसद कुछ सबूत लेकर गए, जिनमें उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सांसदों ने शेयर किए अपने अनुभव

प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने अपने विदेशी दौरों में आतंकवाद के खिलाफ भारत के कठोर रुख और वैश्विक शांति के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को प्रमुखता से उजागर किया। उन्होंने यह भी बताया कि इन मुलाकातों के दौरान भारत की साख और विश्व में उसका प्रभाव और मजबूत हुआ।

# छात्र ने स्कूल में बरसाई गोलियां, 10 की मौत

एजेंसी ▶▶| वियना



ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में सात छात्रों समेत 10 लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। मेयर एल्के काहर ने घटना को 'भयानक त्रासदी' करार दिया है। मृतकों में सात छात्र और तीन वयस्क शामिल हैं।

### हमलावर ने कर ली खुदकुशी

स्कूल का ही एक छात्र बंदूक लेकर पहुंच गया था और जो सामने दिखा उसी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसके बाद वह छात्र वॉशरूम गया और खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

राजस्थान के टोंक में बड़ा हादसा

# पिकनिक मनाने गए 8 युवक नदी में डूबे



**जयपुर।** राजस्थान के टोंक जिले में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत हो गई। टोंक के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि तीन अन्य युवकों को बचा लिया गया और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने कच्चा बांध, पुराना बनास पुलिया के पास पहुंचे थे। कुछ युवक नदी में नहाने उतरे और गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

### इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान नौशाद (35), कासिम (26), रिजवान (26), नवाब खान (28), साजिद (20), नक्कू (30), बल्लू और फरहान के रूप में हुई है। वे जयपुर के हसनपुरा, घाट गेट, पानीपेच और रामगंज इलाके के निवासी थे।




इंदौर निवासी नवविवाहित दंपती राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी हनीमून मनाने मेघालय गए थे, लेकिन यह यात्रा एक भयावह मोड़ पर खत्म हुई। आरोप है कि पत्नी सोनम ने पैसे देकर पति राजा की हत्या करवा दी और बाद में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में खुद को पुलिस के हवाले कर दिया।

# सोनम की बेवफाई के बाद पुरुषों ने कैंसिल किया हनीमून प्लान, बोले- हमारे लिए कानून है या नहीं?

पुलिस की छानबीन में इस मामले में सोनम के साथ-साथ चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। बताया जा रहा है कि सोनम के किसी अन्य व्यक्ति से प्रेम संबंध थे और उसी के साथ मिलकर उसने राजा की हत्या की योजना बनाई थी। घटना के सामने आते ही यह मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा साफ नजर आ रहा है। सोनम को लेकर तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कोई उसे 'बेवफा'कह रहा है, तो कोई लिख रहा है कि 'औरत को समझना नामुमकिन है।'

## लोग कह रहे - अब तो शादी से डर लगने लगा है



### सोनम पर भड़के लोग

एक यूजर ने लिखा, अब तो शादी से डर लगने लगा है। वहीं, किसी ने कहा, "पहले एक को ड्रम में डाला था, अब हनीमून पर मर्डर कर दिया गया। कई लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या पुरुषों के लिए कोई कानून है? कुछ यूजर्स का कहना है कि महिला अधिकारों की आड़ में पुरुषों के साथ अन्याय हो रहा है। एक यूजर ने टिप्पणी की, कानून तो सिर्फ महिलाओं के लिए हैं, असली पीड़ा तो पुरुष झेल रहे हैं।

### सोनम के पड़ोसियों ने कही यह बात

सोनम के पड़ोसी भी हैरान हैं। उनका कहना है, वो पढ़ी-लिखी और शालीन लड़की है। हमें भरोसा नहीं हो रहा कि उसने ऐसा कुछ किया होगा। वो इस मामले में शामिल हो सकती है, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि उसने हत्या करवाई है। इस बीच राजा और सोनम की शादी का एक वीडियो भी वायरल हो गया है, जिसमें राजा, सोनम की मांग में सिंदूर भरता दिखाई दे रहा है और दोनों बेहद खुश नजर आ रहे हैं। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर भावनाओं को और भड़का रहा है। यह घटना सिर्फ एक हत्या का मामला नहीं, बल्कि समाज में रिश्तों, विश्वास और कानून को लेकर गहरी बहस छेड़ रही है।



### यूजर्स ने दिए ऐसे रिएक्शंस

एक और ने लिखा, हर कुछ महीनों में पति की हत्या की खबर आ जाती है, महिला आयोग कहां है अब? क्या ये उनका मुद्दा नहीं? इस पूरे मामले पर सोनम के पिता ने भी बयान दिया है। उन्होंने बताया कि सोनम और राजा की शादी परिवार की रजामंदी से हुई थी और दोनों इस रिश्ते से खुश थे। उन्होंने दावा किया, मेरी बेटी निर्दोष है, वो ऐसा नहीं कर सकती। मेघालय सरकार इस केस को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

---

**रोचक खबरें**

## आ रहा है 'स्ट्रॉबेरी मून', 2043 तक नहीं दिखेगा ऐसा नजारा



**वॉशिंगटन।** इस साल होने वाली ये घटना बहुत ही विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह पिछले 2 दशकों में देखी गई सबसे कम पूर्णिमा होगी, जिसे 2043 तर फिर से नहीं देखा जा सकेगा। प्रमुख चंद्र गतिरोधनाम की घटना के कारण होने वाली इस दुर्लभ घटना को एक विशिष्ट गर्म, सुनहरी चमक मिलने की संभावना है जिससे यह उत्तरी गोलार्ध में दिलचस्पी रखने वालों के लिए बहुत ही खास बन गया है।

**क्या है स्ट्रॉबेरी मून :** स्ट्रॉबेरी मून गुलाबी रंग का या किसी फल जैसा नहीं दिखता लेकिन इसका नाम मूल अमेरिकी, औपनिवेशिक अमेरिकी और यूरोपीय मूल की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। जून की पूर्णिमा, जो अक्सर वसंत के आखिरी या गर्मियों के पहले दिन होती है, को पारंपरिक रूप से स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। क्योंकि, यह स्ट्रॉबेरी के पकने के मौसम को दर्शाता है। उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल अमेरिकी जनजातियों ने इसे बेरीज रिपेन मून के रूप में भी रेफर किया है, जो फूलों के खिलने और फलों के पकने के साथ मेल खाता है।

### इस साल स्ट्रॉबेरी मून दुर्लभ क्यों?

जून का पूरा चांद आम तौर पर उत्तरी गोलार्ध में साल का सबसे निचला चांद होता है।लेकिन, आपको बता दें कि इस साल की घटना असाधारण रूप से ऐसी है क्योंकि इस साल की शुरुआत में चंद्रमा पर बहुत ज्यादा गतिरोध हुआ था. यह बेहद दुर्लभ घटना 18.6 सालों में एक बार होती है, जब चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर अपनी कक्षा के चरम पर पहुंचता है। 2043 तक इतने लो मून की उम्मीद नहीं है, जिससे खगोलीय घटना में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह सुनहरा मौका बन जाता है।

## कोलंबिया में मिले इस गोले से जमीन हुई बंजर, वैज्ञानिकों को मिला एलियंस का संदेश?

**बोगोटा।** कोलंबिया में बरामद हुए इस विचित्र गोले के बारे में बहुत ही चौंकाने वाले तथ्य वैज्ञानिकों द्वारा रखे गए हैं। इसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक वास्तविक यूएफओ है। मेक्सिको में वैज्ञानिकों के एक दल ने इसका स्कैन किया, इसमें फाइबर-ऑप्टिक तारों का जाल पाया गया, जिससे यह साफ होता है कि यह संकेत भेज कर सकता है और प्राप्त भी कर सकता है। ऐसा लगता है कि जिस खेत में यह गिरा वहां पर किसी तरह से पानी की कमी हो गई और वहां की सारी घास और मिट्टी बुरी तरह से नष्ट हो गई। यूएफओ को 2 मार्च को बुगा के ऊपर से इस तरह से घूमते हुए देखा गया था, जैसा कि किसी पारंपरिक विमान में नहीं देखा जाता। वैज्ञानिकों ने तुरंत रूप से इस अज्ञात वस्तु को अपने कब्जे में लिया और इसपर अध्ययन अभी भी किया जा रहा है। नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको के शोधकर्ताओं ने इस गोले में कुछ अजीबोगरीब चीजें पाई हैं। टीम का कहना है कि, इस गोले के केंद्र में एक केंद्रीय नाभिक है, जिसे चिप कहा जा रहा है। इसमें धातु जैसी तीन सामग्री की 3 परतें हैं और न्यूक्लियस के चारों ओर 18 छोटे गोले हैं।



## चोर के घर में हो गई चोरी, पुलिस ने नहीं की मदद तो खुद ही ले आए चोरी की कार

**लंदन।** कल्पना कीजिए, अगर एक सुबह आप अपने घर के बाहर जाएं और देखें कि आपकी गाड़ी गायब है। तो जाहिर है कि आप तुरंत पुलिस को सूचना देंगे या आस-पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे खंगालेंगे। ऐसा ही कुछ यूके के एक दंपती के साथ हुआ, लेकिन उनकी कहानी एक अलग ही मोड़ लेती है। अब हाल ही में, लंदन में रहने वाले मिया फोर्ब्स-पिरी और उनके पार्टनर मार्क सिम्पसन की जगुआर ई-पेस कार उनके घर के सामने से चोरी हो गई थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस की प्रतिक्रिया सही नहीं थी। पुलिस ने साफ कहा कि वे इस वक्त बहुत बिजी हैं और यह नहीं कह सकते कि वे कब आ पाएंगे या आएंगे भी नहीं। इस स्थिति से निराश होकर कपल ने तय किया कि वे खुद ही अपनी कार का पता लगाएंगे। उनकी कार में दो खास डिवाइस पहले से मौजूद थे। घोस्ट इम्मोबिलाइजर और एयरटैग ट्रैकर। इनकी मदद से उन्होंने गाड़ी की लोकेशन ट्रैक कर ली और पाया कि वह अब लंदन की एक गली में खड़ी है। दोनों तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां देखा कि कार सुनसान इलाके में खड़ी है और उसे अंदर से काफी नुकसान पहुंचाया गया था। कार की वायरिंग बाहर निकली हुई थी और कालीन भी उखड़े हुए थे। इसके बावजूद कार वहीं थी और कपल ने बिना किसी टकराव के उसे वापस अपने कब्जे में ले लिया और सुरक्षित रूप से घर ले आए। बाद में मिया ने इस पूरे अनुभव को सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अपनी ही कार को चुपके से वापस लेना एक अजीब लेकिन काफी अलग अनुभव था। साथ ही उन्होंने चिंता जताई कि उन्हें यह सब खुद करना पड़ा,क्योंकि पुलिस ने कोई मदद नहीं की।



---

**शोध**

# एक तरफ झुक रही है धरती भारत पर है सबसे ज्यादा खतरा?

पृथ्वी से इतना ज्यादा पानी निकाल लिया है कि अब इसकी स्थिति बिगड़ गई

**लंदन।** इंसान हों या जानवर, पानी हर जीव के लिए बेहद जरूरी होता है। पानी पृथ्वी पर एक ऐसा अनिवार्य तत्व है जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पूरी दुनिया में लोग मिट्टी से पानी निकालकर अपनी प्यास बुझाते हैं। विभिन्न तरीकों से लोग पानी की जरूरतें पूरी कर रहे हैं, लेकिन हमने पृथ्वी से इतना ज्यादा पानी निकाल लिया है कि अब इसकी स्थिति बिगड़ गई है। अंतराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने अब ऐसी खबर दी है जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे।





### मनुष्यों ने 2,150 गीगाटन भूमिगत जल पंप करके निकाला

एक रिपोर्ट के अनुसार, लोगों ने बड़ी मात्रा में भूमिगत जल पंप करके निकाल लिया है। इसके परिणामस्वरूप, पृथ्वी दो दशकों से भी कम समय में 4.36 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की गति से लगभग 80 सेंटीमीटर पूर्व की ओर झुक गई है। यह शोध जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित हुआ है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स एजीयू का जर्नल है, जो पृथ्वी और अंतरिक्ष विज्ञान पर प्रभाव डालने वाले संक्षिप्त शोध प्रकाशित करता है। जलवायु मॉडल के आधार पर वैज्ञानिकों ने पहले अनुमान लगाया था कि 1993 से 2010 तक, मनुष्यों ने 2,150 गीगाटन भूमिगत जल पंप करके निकाला है। यह 6 मिलीमीटर (0.24 इंच) से अधिक समुद्र स्तर की बढ़ोतरी के बराबर है।

### भूमिगत जल कम होने का पड़ रहा प्रभाव

एक रिसर्च में यह भी सामने आया है कि अंडरग्राउंड वॉटर का ज्यादातर हिस्सा पृथ्वी के दो क्षेत्रों में उपयोग किया गया है - अमेरिका के पश्चिमी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के भू-भौतिक विज्ञानी वेन सियो, जिन्होंने इस शोध का नेतृत्व किया, ने कहा कि भूमिगत जल के कम होने का सबसे अधिक प्रभाव पृथ्वी के रोटेशनल पोल पर पड़ता है।



### अंडरग्राउंड वॉटर का बेतहाशा उपयोग

भारत में पंजाब और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ सालों से बड़े पैमाने पर अंडरग्राउंड वॉटर का उपयोग किया जा रहा है। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक जगह से बहुत सारा पानी निकालने के बाद, वह आमतौर पर नदी और समुद्र में बह जाता है। वेन सियो ने आगे कहा कि पृथ्वी के घूमने में वास्तव में कई बदलाव हुए हैं। पृथ्वी के जलवायु पर भी भूमिगत जल के कम होने का असर पड़ा है।

---

## डॉल जैसी बनने की थी चाहत, महिला ने खुद पर खर्च किए 1 करोड़!



लंदन। इस दुनिया में हर इंसान सुंदर दिखना चाहता है। हालांकि, महिलाओं में ये इच्छा कभी-कभी ज्यादा ही होती है। पर ब्रिटेन की एक महिला में इतनी ज्यादा थी कि उसने जीवनभर में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर खुद को किसी गुड़िया जैसा लुक दे दिया। पर फिर उसे अपनी गलती समझ आई और उसने अपने लुक को पूरी तरह से बदला और अब वो सामान्य लगती हैं और खुद को खूबसूरत मानती हैं।

36 वर्षीय ट्रेसी किस, बकिंघमशायर (यूके) की रहने वाली एक मां, आजकल सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार अपनी खूबसूरती के लिए नहीं, बल्कि खूबसूरती को त्यागने के फैसले के लिए। किशोरावस्था से ही ब्यूटी ट्रीटमेंट्स और कॉस्मेटिक सर्जरी की शौकीन रही ट्रेसी ने लगभग 120,000 (करीब 1.25 करोड़ रुपए) खर्च कर अपनी अधिकांश प्रक्रियाएं रिवर्स करवाई हैं।

### बार्बी जैसी दिखने की कीमत

ट्रेसी का ब्यूटी-जर्नी किसी फेयरी-टेल जैसी नहीं थी। पिछले दो दशकों में उन्होंने पांच ब्रेस्ट सर्जरी, चिन लिपोसक्शन, आईलिड लिफ्ट, नोज जॉब, ब्राज़ीलियन बट लिफ्ट, लेबियाप्लास्टी और दांतों की स्ट्रेटनिंग करवाई। साथ ही, बोटॉक्स और फिलर्स के अलावा, सेमी-परमानेंट मेकअप और आईलैश एक्सटेंशंस से वे अपना 'परफेक्ट लुक' बनाए रखती थीं। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनके 1.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं, लेकिन आम जीवन में उन्हें तानों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। महिलाएं उन्हें शक की नजर से देखती थीं- यह मानकर कि वे उनके पतियों को आकर्षित करना चाहती हैं। उनके अनुसार, मेरे सुपर-साइज डोनट ब्रेस्ट्स के कारण उन्हें अक्सर स्कूल जाते हुए या बच्चों के साथ बीच पर जाते हुए अजीब निगाहों का सामना करना पड़ता।

---

## 14 साल के बच्चे ने कर दिया करिश्मा, बनाया ऐसा ऐप, 7 सेकंड में बचा लेगा जान!



**न्यूयार्क।** जिस उम्र में बच्चे दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करते हैं, वीडियो गेम्स खेलते हैं, उस उम्र में एक लड़के ने करिश्मा कर दिखाया है। इस लड़के ने ऐसा ऐप बना दिया है जो लोगों की जान बचा सकता है। बच्चे का ऐप सिर्फ 7 सेकंड में दिल की बीमारी को पकड़ सकता है। हैरानी की बात ये है कि उसका ऐप काफी सटीक निकला। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार टेक्सास के फ्रिस्को शहर के 14 वर्षीय सिद्धार्थ नंद्याला ने एक ऐसा स्मार्टफोन ऐप बनाया है, जो सिर्फ 7 सेकंड में दिल की बीमारी के शुरुआती लक्षण पहचान सकता है। यह ऐप, जिसका नाम सर्केडियन एआई है, स्मार्टफोन को छाती के पास रखकर दिल की धड़कनों की रिकॉर्डिंग करता है, बैकग्राउंड शोर को हटाता है और क्लाउड-बेस्ड मशीन लर्निंग मॉडल से डेटा का विश्लेषण करता है। यह ऐप एरिदमिया (अनियमित दिल की धड़कन), हार्ट फेलियर, कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़ और वॉल्व समस्याएं पहचानने में सक्षम है।

### सिद्धार्थ हैं टेक्सास यूनिवर्सिटी के छात्र

विश्व स्तर पर हृदय रोग (दिल का दौरा और स्ट्रोक सहित) लगभग 32% मौतों का कारण है। लुइज़ियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के डॉ. जमीला अहमद के अनुसार, ऐसे मरीजों में जल्दी संभावित निदान, जो मेडिकल केयर तक नहीं पहुंच पाते, उनकी जान बचा सकता है। यह सिद्धार्थ की पहली उपलब्धि नहीं है। इससे पहले वे लो-कॉस्ट प्रोस्थेटिक आर्म बना चुके हैं और स्टेमिटी नामक स्टार्टअप की स्थापना कर चुके हैं, जो छात्रों के लिए साइंस-टेक्नोलॉजी किट बनाता है। महज 14 साल की उम्र में सिद्धार्थ टेक्सास यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस के छात्र हैं। भविष्य में वे अपनी ऐप को निमोनिया और पल्मनरी एंबोलिज़्म जैसी फेफड़ों की बीमारियों को पहचानने के लिए भी विकसित करना चाहते हैं। उनके शब्दों में- मैं ऐसा बदलाव लाना चाहता हूं जो दुनिया को बेहतर बनाए, जहां इनोवेटर्स अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर कुछ बड़ा कर सकें और वो वाकई ऐसा कर रहे हैं।

---

**कारनामा** नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से बनाया गया है

## इंसान के बाल से भी बारीक वायलिन, देखने के लिए चाहिए माइक्रोस्कोप

**लंदन।** ब्रिटेन की लाफबॉरो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक अनोखा कारनामा किया है। उन्होंने दुनिया की सबसे छोटी वायलिन बनाई है, जो इंसान के बाल से भी पतली है। यह वायलिन इतनी छोटी है कि इसे आम आंखों से नहीं देखा जा सकता। इसे देखने के लिए माइक्रोस्कोप की जरूरत होती है। इस वायलिन को बहुत ही खास तकनीक यानी नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से बनाया गया है। तो आज की इस खबर में हम आपको इसी वायलिन के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही इसकी खासियत के बारे में भी बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं। यह वायलिन सिर्फ 35 माइक्रॉन लंबी और 13 माइक्रॉन चौड़ी है। इंसान के बाल की मोटाई करीब 17 से 180 माइक्रॉन होती है। यानी यह वायलिन बाल से भी पतली और छोटी है। इसकी बारीकी देखकर वैज्ञानिक भी हैरान रह गए। इस वायलिन को बनाने का मकसद केवल एक नई चीज दिखाना नहीं था, बल्कि यह बताना था कि अब हम बहुत ही छोटे लेवल पर भी चीजें बना सकते हैं।




### छोटी सी वायलिन को सुन नहीं सकते

इस छोटी सी वायलिन को सुन नहीं सकते, क्योंकि यह बहुत ही छोटी है। लेकिन, इसका डिजाइन असली वायलिन की तरह ही बनाया गया है। इसमें वायलिन की बॉडी, गर्दन और तार जैसी सभी चीजें बहुत ही छोटे आकार में बनाई गई हैं। वैज्ञानिकों ने इस वायलिन को एक रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत बनाया है। उनका कहना है कि अगर हम इस तरह की नैनो टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाएं तो भविष्य में इसका इस्तेमाल दवाइयां शरीर में पहुंचाने, छोटे-छोटे ऑपरेशन करने और मेडिकल मशीनों को बेहतर बनाने में किया जा सकता है।

### दुनियाभर के वैज्ञानिकों ने सराहा

यह वायलिन एक तरह से विज्ञान की ताकत और इंसान की सोच का उदाहरण है। यह दिखाता है कि हम अब ऐसी चीजें भी बना सकते हैं, जिनकी कल्पना पहले सिर्फ कहानियों में ही की जाती थी। इस अनोखी खोज को दुनियाभर के वैज्ञानिकों ने सराहा है। इससे यह भी साबित होता है कि विज्ञान की कोई सीमा नहीं है और अगर मेहनत और कल्पना साथ हो, तो कुछ भी संभव है। इस वायलिन को देखकर यही लगता है कि आने वाला समय बहुत ही अच्छा और तकनीक से भरपूर होगा, जहां छोटी-छोटी चीजें बड़ी काम की होंगी।

---

## समंदर में मिली 140 साल पुरानी टूटी हुई प्लेट, उसकी जांच में हुआ बड़ा खुलासा!



**लंदन।** समुद्र में डूबे जहाज की खोज हमेशा ही एक बड़ी खबर बना जाती है। कभी पुराने समय में जहाज तूफानों में ज्यादा डूबा करते थे। ऐसे में उनके खजाने की खोज कई लोगों के लिए जीवन का अभियान भी हो जाता था। लेकिन, आधुनिक दौर में जहाज कम डूबते हैं। पर एक बहुत ही बड़ा जहाज हाल ही में 140 साल बाद तब खोजा गया जब एक गोताखोर ने उसके डूबे मलबे से मिली एक टूटी हुई प्लेट को पहचान लिया। ब्रिटेन का एसएस नांत्स नाम का यह मशहूर जहाज 1888 में एक जर्मन जहाज से टकराकर डूब गया था।

एसएस नांत्स ब्रिटेन का मशहूर समुद्री रहस्य था। 1888 में यह लिवरपूल से ले हावरे जा रहा था। जहाज में कोयला लदा था। जर्मन जहाज थिओडोर रूगर ने इसे टक्कर मारी। टक्कर से जहाज की लाइफबोट टूट गईं।

### मलबा तक नहीं खोजा जा सका था

SS नांत्स 1874 में बना था. यह कुनार्ड स्टीमशिप कंपनी का मालवाहक जहाज था। डूबने के बाद जहाज गायब हो गया। उस समय नेविगेशन सिस्टम नहीं था। जहाज का मलबा ढूंढना मुश्किल था। हादसे के बाद जहाज के टुकड़े और शव कॉर्नवाल तट पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने यह भयानक दृश्य देखा, लेकिन उस समय जहाज का पता नहीं चला।

**कैसे हुई पहचान :** 2024 में गोताखोर डोमिनिक रॉबिन्सन ने इसे खोजा। पूर्व सैन्य अधिकारी डोमिनिक 35 साल से गोताखोरी करते हैं।, उन्होंने एक टूटी प्लेट देखी। प्लेट पर कुनार्ड स्टीमशिप का लोगो था। इससे जहाज की पहचान हो पाई। डोमिनिक ने बताया, पहले भी लोग इस मलबे में गोता लगा चुके थे। लेकिन, किसी ने पहचान नहीं की। इस छोटी प्लेट ने रहस्य सुलझाया। जहाज की बनावट, तकनीक और आकार ने भी पहचान में मदद की।

### समुद्र में सुई खोजने जैसा था ये

जहाज 240 फीट लंबा था। समुद्री इतिहास विशेषज्ञ डॉ. हैरी बेनेट ने खोज की तारीफ की। उन्होंने कहा, यह समुद्र में सुई ढूंढने जैसा है। डॉ. बेनेट प्लायमाउथ विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, स्थानीय गोताखोरों ने शानदार काम किया। यह समुद्री हादसे का बड़ा रहस्य था। मलबे से मिले वीडियो और सबूतों की जांच हुई। डॉ. बेनेट ने पुष्टि की कि यह एसएस नांत्स है। अब इस खोज ने इतिहास को जीवित किया।

# 'विश्व गुरु' के बच्चे अमेरिका में हथकड़ी पहनाकर जमीन पर पटके जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय छात्र के साथ अपराधी जैसा व्यवहार और उसके निर्वासन (डिपोर्टेशन) की घटना ने भारत और विदेशों में व्यापक चर्चा और प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। यह घटना तब सुर्खियों में आई, जब भारतीय-अमेरिकी उद्यमी कुणाल जैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सोमवार को एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि अमेरिकी अधिकारी एक भारतीय छात्र को जमीन पर मुंह के बल गिरा कर हथकड़ी लगा रहा है। भारतीय छात्र चिल्ला आ रहा है कि वो पागल नहीं उनके साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार न किया जाए लेकिन अमेरिकी पुलिस ने एक नहीं सुनी। हथकड़ी पहनाकर उक्त छात्र का निर्वासन अमेरिका से कर दिया गया।

## विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा, नेटजन का भी सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा

**बहस का विषय**

बहस इस विषय का है कि गैर कानूनी रूप से अमेरिका में निवास कर रहे अन्य देशों के लोगों को अमेरिकी पुलिस पकड रही है तो क्या ऐसा ही व्यवहार कर रही है? नहीं हरगिज नहीं। पहले भी ऐसी खबरे आई कि मालवाहक जहाज में हथकड़ी पहना कर जहां गैर कानूनी तरीके से अमेरिका में घुसे भारतीयों को भर कर पंजाब, गुजरात भेजा गया जब कि अन्य देशों के नागरिकों को यात्री विमान में बिठा कर संबंधित देशों में भेजा गया। इसी फर्क पर अब नेटजन भारत सरकार को जमकर कोस रहे हैं।

**हरियाणवी में छात्र बोलता रहा मै पागल नहीं, अमेरिकी पुलिस क्रिमिनल सा व्यवहार करती रही**




### भारतीय विदेश मंत्रालय का बयान

विपक्ष ने इस मामले में पीएम मोदी की चुप्पी पर करारा प्रहार किया है। विदेश मंत्रालय ने बहुत दबाव पडने पर इतना भर बयान जारी किया हम अमेरिकी एजेंसियों के संपर्क में हैं। ऐसी प्रतिक्रिया ने सोशल मीडिया पर और हंगामा खडा कर दिया। भारतीयों को रोष न सिर्फ भारत से बल्कि विश्व भर से सोशल मीडिया पर उठ रहा है। इस घटना ने भारत में राजनीतिक, सामाजिक और कूटनीतिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं उत्पन्न की हैं।

### अमेरिका लगातार अपमानित कर रहा



कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस मुद्दे को उठाया और इसे भारत के सम्मान से जोड़ा। उन्होंने कहा, अमेरिका लगातार भारत और भारतवासियों को अपमानित कर रहा है। एक भारतीय छात्र को नेवार्क हवाई अड्डे पर जमीन पर पटका गया, उसके हाथ-पैर बांधे गए, और उसके आत्मसम्मान को जूतों तले रौंदा गया। श्रीनेत ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस मामले में चुप क्यों हैं? यह 'विश्वगुरु' की छवि के लिए शर्मनाक है।

### इधर, अमेरिकी दूतावास ने कहा- वैध यात्रियों का स्वागत लेकिन अवैध प्रवेश बर्दाश्त नहीं

अवैध प्रवासियों को तेजी से बाहर निकालने और छात्र वीजा से जुड़े नियमों में की गई हालिया सख्ती के बीच अमेरिका के नेवार्क हवाईअड्डे से हथकड़ी लगाकर एक भारतीय छात्र को स्वदेश वापस भेजने के मामले के तूल पकड़ने के बाद मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने सफाई दी है। एक्स पोस्ट में दूतावास ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में वैध यात्रियों का स्वागत जारी है। लेकिन अमेरिका आने का कोई अधिकार नहीं है। अवैध प्रवेश, वीजा के दुरुपयोग और अमेरिकी कानूनों के उल्लंघन को अमेरिका में किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

लॉस एंजेलिस में खराब होते जा रहे हैं हालात!

# लॉस एंजेलिस में ट्रंप प्रशासन ने तैनात किए 700 मरीन सैनिक

*पेंटागन ने आव्रजन विरोधी प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में करीब 700 नौसैनिक तैनात किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पेंटागन ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब कैलिफोर्निया ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 'नेशनल गार्ड' के जवानों के इस्तेमाल को लेकर मुकदमा चलाने की तैयारी कर ली है। वहीं प्रदर्शनकारी चौथे दिन भी सड़कों पर हैं।*



एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

आमतौर पर नौसैनिक और नेशनल गार्ड के जवानों से कानून प्रवर्तन कर्तव्यों का पालन करने की अपेक्षा नहीं की जाती है क्योंकि यह 'पॉसे कॉमिटेटस अधिनियम' के तहत निषिद्ध है। वहीं ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करके उन्हें कानून प्रवर्तन का काम करने की अनुमति भी नहीं दी है। ऐसे में इस तैनाती को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। लॉस एंजिलिस के पुलिस प्रमुख जिम मैकडोनेल ने कहा कि उन्हें पुलिस विभाग की बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों से निपटने की क्षमता पर पूरा भरोसा है लेकिन पुलिस विभाग के साथ समन्वय किए बिना नौसैनिकों का आगमन 'परिचालन और अभियानगत चुनौती' पेश करता है।

**कैलिफोर्निया ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ किया मुकदमा दायर**

**118 अप्रवासियों को गिरफ्तार करने से भड़की हिंसा**



### कैलिफोर्निया सरकार ने कहा ट्रंप ने लिमिट क्रॉस कर दी!

कैलिफोर्निया ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा लॉस एंजेलिस में 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों को गवर्नर की मंजूरी के बिना तैनात करने के फैसले के खिलाफ दायर किया गया है। राज्य के अधिकारियों ने इस कदम को 'अवैध' बताया है और कहा है कि 'इससे पहले से ही तनावपूर्ण माहौल और बिगड़ सकता है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने मुकदमे की जानकारी देते हुए कहा कि 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने गवर्नर गैविन न्यूसम की सहमति के बिना सैनिक तैनात किए हैं।' बॉन्टा ने अपने बयान में कहा, 'मैं साफ कर दूं, न कोई हमला हो रहा है और न ही कोई विद्रोह। राष्ट्रपति जानबूझकर जमीन पर अराजकता और संकट पैदा कर रहे हैं, ताकि अपने राजनीतिक हित साध सकें।'

### गवर्नर ने ट्रंप प्रशासन को लिखी चिट्ठी

गवर्नर न्यूसम ने भी इस फैसले का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को एक आधिकारिक पत्र भेजकर सैनिकों को हटाने की मांग की है। यह पत्र रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के नाम लिखा गया है। न्यूसम ने पत्र में लिखा, 'लॉस एंजेलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती की कोई जरूरत नहीं है। इस अवैध तरीके से और इतने लंबे समय तक सैनिक भेजना राज्य की संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन है। ऐसा लगता है कि यह कदम जानबूझकर हालात बिगाड़ने के लिए उठाया गया है।' न्यूसम ने एमएसएनबीसी पर दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'ट्रंप इस आग में घी डाल रहे हैं। इस विरोध के बावजूद ट्रंप प्रशासन ने पीछे हटने के संकेत नहीं दिए हैं।

### यह है मामला

अमेरिका का लॉस एंजेलिस शहर इन दिनों हिंसा की चपेट में है। प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबल आमने-सामने हैं और पूरे शहर में अराजकता का माहौल है। संघीय आव्रजन विभाग के छापों से यह पूरा विवाद शुरू हुआ। अप्रवासन विभाग ने शुक्रवार को 44 लोगों को हिरासत में लिया और एक हफ्ते में लॉस एंजेलिस में कुल 118 अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया और हिंसा शुरू हो गई।

---

# 65 करोड़ की रंगदारी न्यूज एंकर शाजिया और आदर्श झा गिरफ्तार

**दोनों पत्रकारों ने भारत 24 चैनल के शीर्ष अधिकारियों से मांगी थी फिरौती**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नोएडा पुलिस ने भारत 24 की एंकर शाज़िया निसार और अमर उजाला डिजिटल विंग के एंकर आदर्श झा को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें रंगदारी, ब्लैकमेलिंग और धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों पत्रकारों पर भारत 24 चैनल के शीर्ष अधिकारियों से 65 करोड़ की फिरौती मांगने और झूठे बलात्कार के आरोप लगाने की धमकी देने का आरोप है। एफआईआर भारत 24 के प्रबंध निदेशक जगदीश चंद्रा, कंसल्टिंग एडिटर अनीता हाडा और एचआर प्रमुख अनु श्रीधर की शिकायतों के आधार पर दर्ज की गई हैं। चैनल के सूत्रों ने बताया कि अन्य कर्मचारियों की शिकायतों के आधार पर और एफआईआर दर्ज हो सकती हैं।

**घर से 34 लाख रुपए बरामद :** पुलिस ने शाज़िया निसार के घर की तलाशी के दौरान 34 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके बाद दोनों एंकरों को गौतम बुद्ध नगर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भारत 24 के एमडी जगदीश चंद्रा ने वेब पोर्टल न्यूज लांड्री से कहा, 'कानून अपना काम कर रहा है वह (शाज़िया) मुझे ही नहीं बल्कि एडिटर सैय्यद उमर, कंसल्टिंग एडिटर अनीता हाडा, एचआर हेड अनु और डेस्क व असाइनमेंट टीम के कई लोगों को भी धमकाया करती थी सभी उससे परेशान थे।'

---

# 7वीं मंजिल से कूदे, पिता समेत दो बच्चों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


दिल्ली में एक बिल्डिंग में लगी भीषण आग

राजधानी दिल्ली के द्वारका में बनी एक बिल्डिंग में आज अचानक आग लगने की खबर सामने आई। यहां के शब्द अपार्टमेंट के 8वें फ्लोर में भीषण आग लग गई। इस आग के डर से हड़बड़ी में तीन लोग बिल्डिंग के 7वें फ्लोर से नीचे कूद गए। इसके चलते तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। द्वारका में लगी भीषण आग की सूचना पर दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया था। आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन उस दौरान 7वीं मंजिल से कूदे तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसमें एक पिता और दो बच्चे शामिल हैं। इससे पहले दमकल विभाग को सुबह 10 बजकर 01 मिनट पर आग की कॉल की गई, जिसके तुरंत बाद राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

---

## ईरान : आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी

दुबई। ईरान ने 2018 में हुये हमले के बाद गिरफ्तार किये गये इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे। ईरान की न्यायपालिका का कहना है कि उसने 'नौ आईएसआईएस सदस्यों को फांसी दे दी है।' फ़ांसी पर चढ़ाए गए लोगों के नाम, पहचान और मुक़दमे व फांसी के समय की घोषणा नहीं की गई है। ईरानी न्यायपालिका से जुड़ी ख़बरें देने वाली एजेंसी मिज़ान ने कहा है कि इन दोषियों को फ़रवरी 2017 में पश्चिमी ईरान में इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के साथ झड़प में गिरफ़्तार किया गया था। आईआरजीसी ने उस समय कहा था कि उस झड़प में उसके तीन अधिकारी मारे गये थे।

आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से राष्ट्र-निर्माण

भारत सरकार



राष्ट्रीय जलमार्ग 5 से बढ़कर 111 हुए, साल 2024 में रिकॉर्ड 145+ एमएमटी कार्गो की आवाजाही हुई जो साल 2014 का 8 गुना है

सागरमाला परियोजना के तहत ₹1.41+ लाख करोड़ के 272 प्रोजेक्ट हुए पूरे; मजबूत हुआ तटीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और पोर्ट-लेड डेवलपमेंट के विजन को मिला बल

भारत में दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज-चिनाब ब्रिज और 10,000+ फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी हाईवे टनल-अटल टनल



एयरपोर्ट्स हुए दोगुने से अधिक : 2014 में 74 से बढ़कर अब 162

उड़ान योजना के तहत 1.50+ करोड़ लोगों ने की सस्ती हवाई यात्रा

मेट्रो 5 शहरों से बढ़कर 23 शहरों में; मेट्रो नेटवर्क 2014 के 248 किमी से बढ़कर 1000+ किमी हुआ



66+ लाख किलोमीटर की लम्बाई के साथ भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क

नेशनल हाईवे की कुल लंबाई 60% से ज्यादा बढ़ी, 91,000 किमी से बढ़कर 1.46 लाख किमी

99% तक हुआ ग्रामीण रोड कनेक्टिविटी का कवरेज

CBC 37101/13/0008/2526



142 वर्ल्ड-क्लास वंदे भारत ट्रेन सेवाएं बनीं आधुनिक रेलवे की मिसाल; ट्रेन यात्रा हुई तेज और सुविधाजनक

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के शुरु हो जाने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक सीधे रेल कनेक्टिविटी का सपना हुआ पूरा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा 1300+ रेलवे स्टेशनों का पुनर्निमाण, स्टेशन बन रहे आधुनिक और सुविधायुक्त

विकसित भारत का अमृत काल
सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के
11 साल



## चिंतन

# जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने की जरूरत

गरीबी कम करने के साथ भारत ने जनसंख्या को नियंत्रित करने में भी शानदार प्रगति की है। भारत में प्रजनन दर में काफी कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नई जनसांख्यिकी रिपोर्ट में कहा है कि चालू वर्ष के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.46 अरब पहुंचने का अनुमान है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। अभी सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है और भारत दूसरे नंबर पर है। दोनों मुल्कों की जनसंख्या में मामूली अंतर है। कुछ समय पहले ऐसी खबर भी थी कि भारत चीन को पछाड़ कर सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है, हालांकि इसकी केंद्र सरकार ने पुष्टि नहीं की थी। 'वास्तविक प्रजनन संकट' शीर्षक वाली यूएनएफपीए की 'विश्व जनसंख्या स्थिति (एसओडब्लूपी) रिपोर्ट 2025' घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने का आह्वान करती है। इसमें कहा गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि भारत की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है। जनसंख्या में पीढ़ीगत वृद्धि के लिहाज से प्रतिस्थापन दर से प्रजनन दर का कम होना सुखद भी है व चिंताजनक स्थिति भी है। रिपोर्ट में पाया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 1.9 जन्म रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है। इसका अर्थ यह है कि औसतन भारतीय महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक (प्रतिस्थापन दर) जनसंख्या का आकार बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या से कम बच्चे पैदा कर रही हैं। प्रजनन दर में कमी आने से सरकार को जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है, लेकिन पीढ़ीगत आबादी की दर को भी बनाए रखने की जरूरत है और यह जरूरत प्रजनन क्षमता सुधरने से पूरी होगी। रिपोर्ट में जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में महत्वपूर्ण बदलावों का भी खुलासा किया गया है, जो एक बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। जन्म दर में कमी के बावजूद, भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 आयु वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 आयु वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी आयु (15-64) वाली है, जो पर्याप्त रोजगार और नीतिगत समर्थन के साथ संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान करती है। रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है, जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहे हैं, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में अब 79 वर्ष का समय लगने का अनुमान है। भारत ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए करीब पांच दशक से लगातार कार्यक्रम का संचालन किया है, इसमें जागरूकता से लेकर बेहतर स्वास्थ्य तक के कार्यक्रम शामिल हैं, लेकिन जन्म दर प्रतिस्थापन दर के करीब रहे तो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की जनसंख्या का आकार बनाए रखना सरल होता है। इस असंतुलन को ठीक करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के आंकड़े का इस्तेमाल सरकार को अपनी जनसांख्यिकीय स्थिति में सुधार के लिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने में करना चाहिए। भारत सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है तो यह स्तर सदा बने रहना चाहिए। चीन, जापान समेत अनेक पश्चिमी देश युवा आबादी स्तर बनाए रखने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में भारत बेहतर कर सकता है।



**जयंती**
अखिलेश आर्येन्दु

# कबीर के सपनों का समाज बनाएं हम

संत कबीर सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। कबीर आज भी समाज विज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की।

संत कबीर गृहस्थ जीवन गुजारते हुए भी समाज, धर्म, अध्यात्म और लोकधर्म के शोधन के कार्य में लगे रहे। वे समाजशोधक, साधक और सत्य के आराधक थे। सारा जीवन सद्गुणों से परिपूर्ण था। ऐसे साधु थे जिनके रोम-रोम में ईश्वरीय प्रकाश भरा हुआ था। वे उन सभी लोगों के समालोचक थे जिनकी कथनी-करनी में एकरूपता नहीं थी। पाखंड, अंधविश्वास, दोषपूर्ण सामाजिक परंपराओं, छल, छद्म और फरेब करने वालों का निडर होकर खिलाफत करते थे। किसी भी स्तर पर वे समझौतावादी नहीं थे। इसलिए वर्ग, जाति, मजहब, पंथ और सम्प्रदाय में उनकी रुचि नहीं थी। उनका जन्म चाहे जैसी परिस्थितियों में हुआ हो, जीवन-यात्रा परोपकार, समाज सुधार और सत्य के अन्वेषण में गुजरा। संघर्ष, तप, तितीक्षा और मानव जीवन के आदर्श उनकी जिंदगी के अहम व सहज हिस्से थे। गृहस्थ होते हुए भी वैरागी, तपस्वी और त्यागी थे। मानवीय सद्गुणों से भरा उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरक था। जीवमात्र पर दया, करुणा, प्रेम, अहिंसा और स्नेह की वर्षा उनके जीवन के आदर्श थे।

वे सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न कभी बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। उनका धर्म मानवता का धर्म था जिसमें मौलिकता, नवीनता, नेह और न्याय शामिल थे। उन्होंने जो कुछ कहा सत्य, प्रेम, न्याय की स्थापना, जन मन सुधार और सर्वहित के नजरिए से कहा। इसलिए किसी से उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। वे व्यक्ति की धन-सम्पत्ति की जगह, मानव मूल्यों की अहमियत से व्यक्ति को तौलते थे। वे ऐसे मूल्यवादी विचारक, सुधारवादी कवि और क्रांतिकारी समाजविज्ञानी थे, जिनकी कविताएं आज भी व्यक्ति, परिवार, समाज और हर सम्प्रदाय को सोचने पर मजबूर किया करती हैं।

वे मन की आंखों से देखते थे और दिल की जुबान से कहते थे। हर व्यक्ति में मानव मूल्यों का आधान (पिरोकर) देखना चाहते थे। पश्चिमी जगत के प्रसिद्ध विद्वान एवलिन अंडरहिल ने कबीर को महान समाज सुधारक, कवि और पंथ संस्थापक के रूप में चित्रित किया है। इसी प्रकार फ्रांसीसी विचारक गार्सा द तासी ने कबीर को एक प्रखर समाज सुधारक और कवि के रूप में चित्रित किया है। हिंदी के महान नाटककार डॉ. राम कुमार वर्मा ने संत कबीर को एक क्रान्तिदर्शी महाकवि और महामानव के रूप में माना है।

राम साहित्य के मूर्धन्य विद्वान अध्येता, फादर कामिल बुल्के ने कबीर के कृतित्व की विवेचना करते हुए लिखा है- 'ज्ञान, विज्ञान, सभ्यता और संस्कृति के प्रति कबीर का दृष्टिकोण नकारात्मक था, लेकिन हिंदी के महान साहित्यकार डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को भक्तिकाल का शिरोमणि कवि ही नहीं महान जीवनधर्मी कर्मयोद्धा माना है। कबीर समाज से द्वैतभाव को हमेशा के



लिए मिटाना चाहते हैं। बिना द्वैत भाव मिटे न तो सांसारिक सच्चा सुख हासिल होता है और न आलौकिक सुख ही। इस पद में उनके द्वैतभाव मिटने का कितना मार्मिक चित्रण दिखाई पड़ता है-

हमन है इश्क मस्ताना हमन का होशियारी क्या।
रहें आजाद या जग से, हमन दुनिया से यारी क्या।

संत का स्वभाव हमेशा विनम्र, शांतिप्रिय और सव के प्रति स्नेह रखने वाला और सबको सुख देने वाला होता है। सज्जनता संत के स्वभाव का हिस्सा होता है। संत कबीर का स्वभाव इसी तरह का था। यही वजह है कि उनकी कविताएं मर्म को संवेदित करती हैं। संत कबीर पलायनवादी नहीं हैं। उन्होंने गृहस्थाश्रम को पूर्ण प्रतिष्ठा दी। उन्होंने समाज और परिवार दोनों की समस्याओं को दूर करने के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। परिवार में रहकर ईश्वर के प्रति श्रद्धा रख और भक्ति करके भी मुक्ति हासिल करने में वे यकीन करते थे। यहां तक कि अपना कार्य ईमानदारी से और एक घंटे ईश अराधना को भी पर्याप्त समझते थे। एक सच्चा संत अपने कार्यों से समाज को कितना सुखी और शांतिप्रिय बना सकता है, यह कबीर के जीवन में देखा जा सकता है। भक्तिकालीन संत कवियों में कबीर जैसा आदर्श और यथार्थवादी महामानव नहीं दिखाई देता है। इसी तरह धर्म और अध्यात्म संबंधी अंधविश्वासों, रूढ़ियों, पाखंडों और कुरीतियों को दूर करने में उनके जैसा क्रांतिकारी सामाजिक दूत दूसरा नहीं दिखता है। वे इंसानी सच्चे धर्म का पाठ पढ़ाने वाले सच्चे सद्गुरू हैं। धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार का आडम्बर और कर्मकांड भी उन्हें स्वीकार्य नहीं था। सत्य, अहिंसा, प्रेम, न्याय, करुणा, दया, सहिष्णुता और सुचिता जैसे अनेक मूल्यों को जीवन में उतारना ही वह धर्म का पालन करना मानते थे। वह कहते हैं-

*शीतलता सब जाणिये, समिता रहे समाइ।*
*पथ छाँड़ै निरपथ रहै, सबद न देख्या जाय।।*

लोक और वेद दोनों की बात कबीर को मान्य है। भले ही वह वेद नहीं पढ़े थे लेकिन उन्हें वेद की बुराई बर्दाश्त नहीं थी। वे कहते हैं कि वेद बुरे नहीं हैं बल्कि जो वेद को बुरा कहते हैं वे बुरे हैं। कबीर मन से सच्चे थे। कर्म से सच्चे थे। वाणी से सच्चे थे। ऐसा व्यक्ति भला असत्य या पाखण्ड को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। इसलिए उन्होंने समाज और धर्म से जुड़ी हर चीज को बहुत ही गहराई से समझा और जहां भी गदंगी देखी, उसे बगैर किसी हिचक के बता दिया। कहते हैं-बेहतर समाज बनाना चाहते हो तो पहले प्रेम-रूपी अमृत का प्याला का पान करो। सत्य का रास्ता पकड़ो और लोगों के दुख को बांटो। कबीर कहते हैं जीवन को माया के चक्करों में यूं ही बर्बाद कर दिया तो तुम्हारा जन्म लेना बेकार हो जाएगा। और एक दिन यमराज के दूत आएंगे और तुम्हें उठा ले जाएंगे। इसलिए समय रहते हुए यमराज-रूपी ठग से बचने के लिए सत्य के रास्ते से अपने कार्य करते जाओ, ईश्वर की कृपा सदैव हासिल होती जाएगी। यमराज से बचने का एक ही रास्ता है, वह है प्रभु की शरण में बिना देर किये चले जाओ।। उस अविनाशी परमब्रह्म की शरण में रहोगे तो यमराज वहां से तुम्हें नहीं उठा पाएंगे। क्योंकि यमराज भी उसी ईश्वर के आधीन हैं। आज भी कबीर के ये उपदेश उपयोगी, प्रासंगिक और सर्वहितकारी हैं। कबीर छह सौ वर्षों के बाद भी मानवता के मार्गदर्शक इसलिए बने हुए हैं कि उनके उपदेश, विचार और कार्य समाज को रोशन करने में कामयाब हैं। इसलिए आज भी वे भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में जहां भी हिंदी साहित्य और भाषा का प्रवाह है, कबीर वहां अपनी बेबाक सपाटबयानी के साथ मौजूद हैं। कबीर आज भी पूरी तरह प्रासंगिक और समाजविज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कि हम कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की कोशिश करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।)

**जयंती विशेष**
डा. वेदपाल सिंह



# संत कबीर के विचार में सामाजिक क्रांति के सूत्र

भक्ति-कालीन महान संत, महाकवि, सामाजिक क्रान्ति के पुरोधा, दार्शनिक व युगद्रष्टा कबीर साहब के जन्म को लेकर हालांकि विद्वानों में पर्याप्त मतभेद हैं। कबीरदास के प्रधान शिष्य धर्मदास ने कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1455 को माना है, जबकि डॉ. श्यामसुन्दर दास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा पारशनाथ के अनुसार कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1456 ज्येष्ट शुक्ल पूर्णिमा को माना है। कांशी के पास स्थित लहरतारा तालाब को उनका जन्म स्थान माना गया है। नीरू और नीमा नामक जुलाहे दम्पति ने कबीरदास का पालन-पोषण किया। कबीरदास की पत्नी का नाम लोई था और कबीरदास के दो बच्चे थे, एक पुत्र और एक पुत्री जिनका नाम कमाल और कमाली था! हालांकि कबीर साहेब जातिवाद के खिलाफ थे लेकिन फिर भी उन्होंने खुद को जुलाहे के रूप में पेश किया। वे एक जगह कहते हैं - जाति जुलाहा नाम कबीरा बनि बनि फिरो उदासी! जिस समय कबीर साहेब का जन्म हुआ, तब देश में सिद्धों और योगियों आदि द्वारा प्रचलित अंधविश्वास फैल रहे थे। संपन्न वर्ग में भी रूढ़ियों और आडंबर की प्रधानता हो चली थी। ऐसे समय में भक्ति आंदोलन के रूप में ऐसा भारतव्यापी विशाल सांस्कृतिक आंदोलन उठा जिसने समाज में उत्कर्ष सामाजिक और वैयक्तिक मूल्यों की प्रतिष्ठा स्थापित की। कबीर साहेब ने स्वामी रामानन्द को अपना गुरु माना। कबीर दास की रचनाओं में सरल भाषा का प्रयोग किया गया है। इन्हें पंचमेल खिचड़ी अथवा सधुक्कड़ी भाषा कहा गया है। उनकी रचनाएं सिक्खों के आदि ग्रंथ में सम्मिलित की गयी हैं। 'श्री गुरु-ग्रंथ साहिब' में संत कबीर के 226 दोहे शामिल हैं। कबीर पढ़े लिखे नहीं थे, इसलिए उनके दोहों को उनके शिष्यों द्वारा ही लिखा या संग्रहित किया गया था। वे स्वयं कहते हैं 'मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नहिं हाथ'। कबीरदास दास जीवन में गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहते हैं कि सद्गुरू की कृपा बिना परमात्मा का दर्शन होना बहुत कठिन है। गुरु के बिना मानव को ज्ञान की प्राप्त नहीं हो सकती लेकिन उन्होंने पाखण्डी बाबाओं और गुरुओं से भी सावधान होने रहने की शिक्षा देते हुए कहा है कि जिसका गुरु अंधा अर्थात ज्ञानहीन है, जिसकी अपनी कोई चिंतन दृष्टि नहीं है! ऐसे गुरु का अनुयायी तो निपट दृष्टिहीन होता है। उसमें अच्छे बुरे, हित-अहित को समझने की शक्ति नहीं होती। इस तरह अंधे गुरु के द्वारा ठेला जाता हुआ शिष्य आगे नहीं बढ़ पाता।

कबीर हिन्दुओं को कहते हैं कि किसी भी देवी-देवता की आप पत्थर की मूर्ति बनाकर पूजा करते हैं जो कि शास्त्र विरुद्ध साधना है। यह हमें कुछ नहीं दे सकती। इनकी पूजा से अच्छा चक्की की पूजा कर लो जिससे हमें खाने के लिए आटा तो मिलता है। पत्थर पूजे हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार। तातें तो चक्की भली, पीस खाये संसार। ठीक इसी प्रकार उन्होंने मुसलमानों द्वारा जोर जोर से अजान देने पर कहा कि- कांकर-पाथर जोरि के मस्जिद लई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बांग दे का बहरा भया खुदाय। तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों ने उन्हें महान कवि बनाया। एक तरफ तो कबीर का स्वर विद्रोही है तो दूसरी ओर ब्राह्म के प्रति उनका अनन्य समर्पण है। कबीरदास को समाज के प्रति गहरी चिंता थी और इस चिंता से मुक्त होने के लिए वे समाज की विसंगतियों का पर्दाफाश किया। उन्होंने समाज में फैले जातिवाद का कड़ा विरोध किया। वे कहते हैं कि - जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहन दो म्यान! दुनिया के महान संत, महान कवि ने संवत 1575 विक्रमी (सन 1518 ई.) को काशी के निकट मगहर में अपने प्राण त्याग दिए। ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर भी विवाद उत्पन्न हो गया था। हिंदू कहते हैं कि उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। इसी विवाद के चलते जब उनके शव से चादर हट गई तब लोगों ने वहां फूलों का ढेर पड़ा देखा और बाद में वहां से आधे फूल हिंदुओं ने उठाए और आधे फूल मुसलमानों ने। महान कवि कबीरदास ने अपने जीवन में किसी तरह की शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, कल्पना शक्ति और अध्यात्म कल्पना शक्ति के बल पर पूरी दुनिया को वो ज्ञान दिया, जिसे अमल कर आज भी मानव अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकता है। आज भी उनकी शिक्षाओं का हमारे जीवन में उतना ही महत्व है जितना कि उनके समय में था। हम उनके दिखाये मार्ग पर चलकर और उनकी दी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें, यही उनके प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति होगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
**दर्शन**

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी और धैर्य के साथ करें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला करे भारत**

दुनिया के सभी देश व्यापार के लिए एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में थोड़े बहुत निर्भर जरूर हैं। इसलिए अगर कोई भी देश खास तौर पर अमरीका जैसे व्यापार का गढ़ माने जाने वाले देश कोई आयात-निर्यात के लिए फैसला लेते हैं, तो इससे दुनिया के सभी देशों पर थोड़ा बहुत असर जरूर पड़ता है। हाल ही में अमरीका की ट्रंप सरकार ने जो टैरिफ लगाने का मन बनाया, उसने दुनिया भर को इससे प्रभावित होने का भय पैदा किया है, लेकिन इससे हमारे देश को उतना नुकसान नहीं होगा, जितना उन देशों को होगा जो पूरी तरह अमरीका पर व्यापार के लिए निर्भर हैं। अमरीका ने हमारे देश पर मात्र 26 फीसदी टैक्स, जबकि दूसरे देशों पर इससे ज्यादा शुल्क लगाया है। दवाइयों पर शुल्क कम रखा है, भारत को इसका फायदा उठाना चाहिए। ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला हो। *-लखन वर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### प्रार्थना का सौभाग्य मिला



तमिलनाडु के मदुरै में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर हमारी आध्यात्मिकता का एक प्रतिष्ठित केंद्र है और हमारी पारंपरिक वास्तुकला की भव्यता का प्रतीक है। सभी के लिए माँ की कृपा की कामना करते हुए प्रार्थना करने का सौभाग्य मिला।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कड़ी मेहनत व इरादा जरूरी



किसी राज्य का नेतृत्व करने के लिए आपको कड़ी मेहनत और इरादे की ज़रूरत होती है, ज़रूरी नहीं कि अनुभव की। एक छोटे से गांव की मिट्टी से लेकर मुख्यमंत्री के पद तक, मेरी यात्रा लोगों के विश्वास और संघर्षों से आकार लेती है, जिन्हें मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है।
**-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### राष्ट्रीय सुरक्षा



भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने और सीमा सुरक्षा को बढ़ाने तक, पिछले 11 वर्षों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को नए सिरे से परिभाषित किया है।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### भाजपा आत्म-मंथन करे



भाजपा आत्म-मंथन करे और साथ ही उनके समर्थक भी कि जो लोग किसी की मृत्यु के लिए झूठ बोल सकते हैं, वो झूठ के किस पाताल-पर्वत पर चढ़कर अपने को, अपने मिथ्या-साम्राज्य का मुखिया मान रहे हैं।
**- अखिलेश यादव, सपा सांसद**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# हार्वर्ड में अनिश्चितताओं से जूझ रहे भारतीय छात्र



हार्वर्ड में पढ़ रहे भारतीय छात्रों का कहना है कि वे ट्रंप प्रशासन की विश्वविद्यालय के खिलाफ लगातार लड़ाई के बीच अनिश्चितता और चिंता के दौर से गुजर रहे हैं। साथ ही नौकरी के अवसरों की कमी को लेकर भी फिक्रमंद हैं।हार्वड केनेडी स्कूल से पिछले महीने स्नातक हुए एक भारतीय छात्र ने नाम जाहिर नहीं होने की गुजारिश पर कहा, "यह ऐसा समय है जब हम समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या करें, क्या हमें घर लौट जाना चाहिए, या फिर यहीं कुछ उपाय निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हार्वर्ड में कुछ भारतीय छात्रों ने नाम नहीं जाहिर करने के आग्रह पर 'पीटीआई' से बात करते हुए पिछले कुछ महीनों के अपने अनुभवों और चिंताओं को साझा किया, जिस दौरान प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को ट्रंप प्रशासन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन की कार्रवाई में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुदान पर रोक लगाना, अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की पात्रता को रद्द करना तथा हार्वर्ड में अध्ययन या आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक विदेशी नागरिकों के प्रवेश को निलंबित करना शामिल है। आंतरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि हार्वड नेतृत्व ने अमेरिका विरोधी और आतंकवाद समर्थक लोगों को प्रवेश की अनुमति देकर परिसर में असुरक्षित माहौल पैदा किया है।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।




# चांदी 1000 रुपए फिसली और सोना 110 रुपए टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 110 रुपये टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये टूटकर 97,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। चांदी में सात दिनों की बढ़त पर विराम लगा। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

- सोना 110 रुपए टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम

सोमवार को स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,329.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद से सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई, जिससे मंगलवार सुबह के कारोबार में सोने की कीमतों में गिरावट आई।' चीनी और अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को लंदन में व्यापार वार्ता के नए दौर को दूसरे दिन के लिए बढ़ा दिया, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौते की उम्मीद बढ़ गई।



### फेड का रुख प्रभावित करेगा

*गगलानी ने कहा, ''ये आंकड़े ब्याज दर में कटौती पर फेडरल रिजर्व के रुख को प्रभावित कर सकता हैं। इसका असर संभावित रूप से निकट भविष्य में सराफा कीमतों पर पड़ सकता है।''*

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग खैरागढ़

ज्ञाप क्रमांक 2739/ व.ले.स. / 2025-26, खैरागढ़, दिनांक 09.06.2025

**"रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण" (द्वितीय आमंत्रण)**

इस संभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्ही.आई.पी. आगमन पर एवं शासकीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु होने वाले समारोह हेतु पंजीकृत फर्मों से किराया भण्डार सामाग्री के दूर रूचि की अभिव्यक्ति पत्र रजिस्टर्ड ए.डी./ स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है, रूचि की अभिव्यक्ति पत्र की कीमत **रू. 1,000.00 (एक हजार रूपये)** विवरण निम्नानुसार है-

(01). आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि :- 18.06.2025
(02). दर प्रस्तुत करने की तिथि :- 23.06.2025
(03). दर खोलने की तिथि :- 24.06.2025

अभिव्यक्ति आमंत्रण प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। आवश्यक अर्हताएं:-

1 टेन्ट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाइसेंस की प्रति होना चाहिए।
2 जी. एस. टी. पंजीयन की प्रति।
3 टेन्ट हाउस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षों में, टेन्ट हाउस कार्यक्रम संपादन औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है। तत्संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4 विगत 03 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही.आई.पी. कार्यक्रम संपादित किए जाने जिसमें प्रति कार्य की लागत कम से कम 30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण-पत्र जो कार्यपालन अभियंता/समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

**टीप:-** **विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।**

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.संभाग, खैरागढ़

G-252601480/4

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI

NirupanBhawan, 3rdFloor,Room No. 401,56-Set,Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement ( Short Tender Notice )**
**Letter of Invitation (LOI) No.-7/2025-26 1st Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/7/2025-26 Date:-09.06.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of (i) Koriya in Karamdaha bridge (Govindpur- Jamtara-Sahebganj road) to Potari ADB road via Daldali Sundarpahadi, Dhurnibeda bridge-Irikiya (Tentative length-19 Km) and (ii) PWD road to Murradih road via Tundi Kalali more Keshka, Patikdih, Mishirdih, Sonriya, Kaju Van More Pahad Chatatand, Yadavpur (Tentative length -20 Km) (Tentative total length-39 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisi tion Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Dhanbad District in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under categoryl vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 39 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 40000.00 (Forty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 12.06.2025,At 05:30 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 28.06.2025, 12:00 noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 01.07.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

**Note:-** Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

PR.NO.354576 Road(25-26):D

### पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री ने दिया ब्योरा

# पाकिस्तान को कर छूट देने से 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान को विभिन्न क्षेत्रों को कर छूट देने से वित्त वर्ष 2024-25 में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। यह देश को अपने परिपक्व हो रहे वाणिज्यिक और द्विपक्षीय बाह्य ऋण के एवज में चुकाने के लिए आवश्यक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर छूट की लागत बढ़कर 5800 अरब रुपए हुई

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा सोमवार को जारी पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा 2024-25 में वित्त वर्ष से जुड़े विभिन्न आर्थिक वृद्धि एवं संकेतकों का ब्योरा दिया गया है। दस्तावेज के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2024-25) में कर छूट की लागत बढ़कर रिकॉर्ड 5800 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 3900 अरब रुपये से करीब 2000 अरब रुपये अधिक है। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है।

### खास बातें

- पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है
- सरकार ने अपने पिछले बजट में कई छूटों को हटा दिया था



### डॉलर को संदर्भ में कर घाटे की लागत बढ़ी

*समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, डॉलर के संदर्भ में कर घाटे की लागत 21 अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो कि पाकिस्तान को चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत के परिपक्व हो रहे वाणिज्यिक एवं द्विपक्षीय बाह्य ऋण के तहत इस वित्त वर्ष चुकाने के लिए आवश्यक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है।*

### नवाज सरकार ने कई छूटों को हटा दिया था

*आर्थिक समीक्षा के अनुसार, कर व्यय 1960 अरब रुपये या 51 प्रतिशत बढ़ा जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार ने अपने पिछले बजट में कई छूटों को हटा दिया था। कर रियायतों और छूटों को कई बार वापस लेने के बावजूद कर राशि में हर वर्ष वृद्धि जारी रही है। वर्षों से ये स्वीकृत छूटें तीन अलग-अलग कर कानूनों के तहत दी जा रही हैं।*

### बिक्री कर छूट करीब 50 फीसदी बढ़ी

समीक्षा में कहा गया चालू वित्त वर्ष में बिक्री कर छूट करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 4300 अरब रुपये हो गई जो पिछले वर्ष 2900 अरब रुपये थी। संघीय राजस्व बोर्ड के अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आयकर छूट की कुल राशि 801 अरब रुपये रहेगी जो पिछले वर्ष की 477 अरब रुपये से 68 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि सरकार के वेतनभोगियों पर अधिक कर का बोझ डालने तथा खुदरा विक्रेताओं जैसे अन्य क्षेत्रों को इससे मुक्त रखने के निर्णय के बावजूद दर्ज की गई।

### सीमा शुल्क छूट बढ़कर 786 अरब रुपए

समीक्षा के अनुसार इस वित्त वर्ष में सीमा शुल्क छूट बढ़कर 786 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 543 अरब रुपये से 243 अरब रुपये या 45 प्रतिशत अधिक है। खबर के अनुसार, '' 2025 के लिए कर व्यय'' के रूप में 5800 अरब रुपये की राशि का अनुमान पूर्व में प्रकाशित घाटे की विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न करता है।

### आंकड़ों को कम दिखाना एक संकेत

कर व्यय को कम करने एवं समाप्त करने के लिए सरकारों के लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद, यह लगातार बढ़ रहा है। समाचार पत्र के अनुसार, यह या तो वित्त वर्ष के दौरान कई छिपी हुई कर छूटों की शुरुआत या पिछले वर्ष के आंकड़ों को कम करके दिखाने का संकेत देता है। खबर में कहा गया है कि कर छूट लागत में इतनी तीव्र वृद्धि को उचित ठहराने के लिए आर्थिक गतिविधि में कोई असाधारण वृद्धि नहीं हुई है।

## रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 85.62 प्रति डॉलर

**मुंबई।** मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले चार पैसे की तेजी के साथ 85.62 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों की मिश्रित धारणा, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से रुपये में आगे के सुधार को सीमित कर दिया।

## ओपीजी सिक्योरिटीज को सेबी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है। बाजार नियामक ने अप्रैल, 2025 में लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में इन संस्थाओं के विफल रहने के बाद मांग नोटिस जारी किया है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में 13 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश मई में 13 महीने के निचले स्तर 19,013 करोड़ रुपये पर आ गया। इस दौरान लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप से जुड़े कोष में कम निवेश आया जिसका मुख्य कारण निवेशकों की मुनाफावसूली रही। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी फंड में लगातार पांचवे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई। मई में यह करीब 22 प्रतिशत घटकर 19,013 करोड़ रुपये रह गया जो अप्रैल में 24,269 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, लगातार 51वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है जो निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) का योगदान भी मजबूत रहा और इसमें मई में रिकॉर्ड 26,688 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। अप्रैल में यह 26,632 करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

- निवेश मई में 19,013 करोड़ रुपए पर आ गया



### मुनाफावसूली आदि वजह रही

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक (प्रबंधक शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने भी इक्विटी प्रवाह में मंदी के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल की तुलना में मई में इक्विटी बाजार में कम तेजी, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को लेकर चिंताएं घरेलू इक्विटी में संभावित समेकन चरण या मुनाफावसूली आदि इसकी वजह रही..।

# घरेलू शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी थमी

एजेंसी ⏭ मुंबई



मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच बैंक और ऊर्जा शेयरों में मुनाफावसूली होने से स्थानीय शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी मंगलवार को थम गई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मानक सूचकांक सेंसेक्स 53 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि 15 लाभ में रहे और एक अपरिवर्तित रहा। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और सुबह के कारोबार में 235.58 अंक चढ़कर 82,680.79 पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर के सत्र में दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी महज 1.05 अंक की बढ़त के साथ 25,104.25 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच निवेशक थोड़े सतर्क बने हुए हैं और सूचकांक के दिग्गजों के बीच अलग-अलग रुझान समग्र धारणा को प्रभावित कर रहे हैं।/"



लोक नाट्य
राजेन्द्र सोनी

## आंचलिक रंगमंच पर लोकधर्मिता

कला की अवधारणा को लेकर पाश्चात्य और भारतीय दृष्टि में मूल अंतर दिखाई देते हैं। इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य को देखें तो हम पाते हैं कि यहां तत्वों का समावेश न होकर आनंदवाद को प्राथमिकता दी गई है। जीवन एक उत्सव है, अनुष्ठान है, इसलिए शाश्वत है, निरन्तर गतिशील प्रक्रिया है। एक बार समाप्त हो जाने के बाद पुनः जीवित हो उठता है। यही दर्शन कला के रूप में अभिव्यक्ति पाता है। विद्वानों ने लोक नाट्य को दो विधानों लोक धर्मी और नाट्य धर्मी में बांटा है। इस लोक धर्मी अभिनय में रंगमंच पर कृत्रिम उपकरणों का उपयोग नहीं होता, आंगिक अभिनय ही पर्याप्त होता है और यही छत्तीसगढ़ का लोक नाट्य नाचा है।



नाट्य धर्मिता में परम्परा का जन्म नहीं होता, यहां शास्त्र ही काम आता है। भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाता है। उनके नाटकों को मनोरंजक और पैनी दृष्टि से आकर्षक बनाने के लिए सहारे की तरह शिव के भाव और तांडव जैसे नृत्यों को समाहित किया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि नाटक का जन्म न तो नृत्य से हुआ, न कठपुतली कला से, बल्कि स्वयं नाटक ने अपने विकास के बाद इन कलाओं को साथ जोड़ा। यों भी किसी प्रदर्शनकारी माध्यम की पहली अभिव्यक्ति एक समूह के रूप में हुआ करती है। भरत मुनि का सूत्रधार आज डायरेक्टर कहलाता है, जबकि छत्तीसगढ़ के नाचा का जोकर स्वयं संपूर्ण परिपक्व डायरेक्टर होता है। भरत मुनि के नाट्य चिंतन, नाट्य शास्त्र के निर्माण के सैकड़ों वर्ष पूर्व नाचा लोक समाज में भिन्न भिन्न नामों से विद्यमान था।

लोक साहित्य
डा सत्यभामा आडिल

## मातृभाषा ही क्षेत्र विशेष की पहचान होती है

भाषा और संस्कृति का एक दूसरे से परस्पर संबंध है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण एक त्रासदी का अंत था - यह माना गया। यह त्रासदी, छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों और छत्तीसगढ़ी भाषा भाषी मनुष्यों की अपेक्षा, अपमान, अवहेलना और मानसिक प्रताड़ना ही ह्रदय को झकझोरने वाली कथा है। यदि इसे हम गाथा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। भाषा हमारे सम्पूर्ण संस्कार, लोकाचार, रीतिरिवाज, आस्था, विश्वास, नीति, मर्यादा, व्यवहार, सदाचार, स्वभाव, रहन सहन, कृषि, व्यवसाय, पारिवारिक सामाजिक सम्बन्ध, लोक जीवन के परिवेश और प्रकृति को अभिव्यक्त करती है।



हमारी संस्कृति भाषा के ही माध्यम से ही युगों युगों तक जीवित रहती हैं। संस्कृति नदी की अनवरत बहने वाली जल धारा है जो भाषा के तट बंध के साथ चलती है और नदी कहलाती है। तटबंध छोड़ते ही नदी, नदी नहीं रहती। संस्कृति की समस्त विशेषताएं, लोक के सारे उपादान भाषा के बिना अपंग हो जाते हैं। तथाकथित क्षेत्र, अंचल की पहचान उस क्षेत्र की बोली भाषा होती है। संस्कृति सदा लोक जीवन से जुड़ी होती है, इसलिए लोक संस्कृति में लोकगीत, लोककथा, लोकाचार, वैवाहिक रीतिरिवाज यह सभी स्थाई स्तम्भ होते हैं। यही किसी भी संस्कृति को पृथक पहचान देती है। भाषा साहित्य पर और साहित्य भाषा पर अवलंबित होते हैं। इसलिए भाषा और साहित्य साथ साथ पनपते हैं। अनेक लेखकों का मत है कि अतीत में यहां के लेखकों ने संस्कृत भाषा को लेखन का माध्यम बनाया और छत्तीसगढ़ी के प्रति जरा उदासीन रहे।

गांव की कहानी
पूरन सिंह सिदार

## कई साक्ष्य आज भी समाहित हैं जलगढ़ में

सरायपाली से लगभग 12कि मी दूरी पर दक्षिण की ओर प्राचीन राजधानी बस्तीपाली मार्ग पर जलगढ़ ग्राम है। इस गांव में पहले भैना कुर्मी वनवासियों का निवास था। वर्तमान में यहां कोलता जाति के मालगुजारों के वंशज एवं अन्य जाति के लोग निवास करते हैं। गोंडो के आक्रमण के बाद कुर्मियों ने अन्यत्र पलायन कर लिया।



यहां मेढ़ वाला प्राचीन और बड़ा तालाब है जिसमें आसपास के गांवों में आज भी सिंचाई होती है। तालाब में खुदाई के समय कुछ मूर्तियां प्राप्त हुई थीं, उन मूर्तियों में एक शिवलिंग, भैरव, नंदी, हाथी, घुड़सवार और सैनिक आदि की है। शिवलिंग और भैरव की मूर्तियों को तालाब के किनारे शिवालय बना कर रखा गया है। शेष मूर्तियों को ग्राम के मध्य में एक पेड़ के नीचे रखा गया है, जिन्हें बारह भाई के नाम से जाना जाता है। बारह भाई नामकरण के पीछे कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, पर अब किसी आपदा के कारण बारह भाई की कुछ मूर्तियां खंडित हो चुकी हैं। इस आसपास के क्षेत्रों में खंडित शिवलिंग की अधिकता देखी जाती है जिससे स्पष्ट हो जाता है कि पहले यहां के शासक शिव उपासक रहे होंगे। यह पूरा क्षेत्र वर्तमान में प्रकृति की मार से बचा हुआ है क्योंकि बड़े बड़े विशाल वृक्ष की सघनता आज भी यहां देखी जाती है, इसके कारण वातावरण हरियाली की चादर ओढ़े रमणीय लगता है।

**कल्चुरियों का राज्य समाप्त हो जाने के बाद जब छत्तीसगढ़ पर मराठों का कब्जा हुआ तब रियासतें घटते घटते कम हो गई। अंग्रेजी राज्य कायम होने पर पांच रियासतें कालाहांडी, पटना, रेराखोल, बामड़ा और सोनपुर उड़िया भाषी होने के कारण संबलपुर जिले के साथ उड़ीसा प्रांत में मिला दी गई। शेष 14 रियासतें क्रमशः बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, कवर्धा, सक्ति, सारंगढ़, सरगुजा, धर्मजयगढ़, चांगभखार, कोरिया और जशपुर अंग्रेजी राज्य के अधीन थी।**

# रियासतकाल में प्रभावी रहा फ्यूडेटरी चीफ व्यवस्था



सन 1964 में छत्तीसगढ़ की इन सभी 14 जमींदारियों को रियासत और उनके प्रमुखों को फ्यूडेटरी चीफ कहा गया। फ्यूडेटरी का अर्थ शब्दकोष में जागीरदार, सामंत और मातहत दिया गया है। इस अर्थ में रूलिंग चीफ का आशय जागीरदार या सामंत से लिया जाना चाहिए। सन 1905 में उड़िया भाषी पांच रियासतों क्रमशः सरगुजा, उदयपुर, जशपुर, कोरिया और चांगभखार को छत्तीसगढ़ संभाग में शामिल कर लिया गया। फ्यूडेटरी चीफ कहलाने वाले रियासत प्रमुख अपने अपने राज्यों का शासन अंग्रेज पोलिटिकल एजेंट की सहमति से चलाते थे। सन 1921 में फ्यूडेटरी चीफ को रूलिंग चीफ का दर्जा प्रदान किया गया। प्रारंभ में राजा जमींदार कहलाते थे। बस्तर, कांकेर और कवर्धा छत्तीसगढ़ी जमींदारी और राजनांदगांव, खैरागढ़ तथा छुईखदान खलौटी जमींदारी के नाम से पुकारे जाते थे। छत्तीसगढ़ में खाल्हे का अर्थ नीचे होता है इसलिए राजनांदगांव, खैरागढ़ और छुईखदान को खाल्हे राज भी कहा जाता था।

फ्यूडेटरी चीफ को अपने नीचे की अदालतों के फैसले की अपील सुनने का अधिकार होता था। प्रत्येक रियासत में एक दीवान की नियुक्ति होती थी, जिन्हें फौजदारी मुकदमों में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट तथा सेशंस जज और दीवानी मुकदमों मंत जिला जज का अधिकार था। तहसीलदार और नायब तहसीलदार फौजदारी मुकदमों के क्रमशः द्वितीय और तृतीय श्रेणी के मजिस्ट्रेट होते थे। शिक्षा विभाग की व्यवस्था के लिए समस्त राजाओं द्वारा एक इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स की नियुक्ति की जाती थी, जो ब्रिटिश राज्य के शिक्षा विभाग के इंस्पेक्टरों से चुनकर नियुक्त किए जाते थे, इन्हें एजेंसी इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स कहा जाता था।



ऐतिहासिक : वीरेन्द्र बहादुर सिंह

आस्थाः दिनेश वर्मा

## धार्मिक मान्यता से ओतप्रोत मावली पानी



छत्तीसगढ़ के वनांचल में अदभुत व अलौकिक रहस्यों की श्रृंखला है। यहां की धरती में अनेक जिज्ञासात्मक तथ्य विद्यमान हैं। कुछ तथ्य लोगों के प्रयास से ज्ञात हो पाए हैं तो कुछ आज भी धरती के गर्भ में हैं। जिला चारामा और बालोद विकासखंड की सीमा पर ग्राम कंजेली, पचेड़ा और ओडगांव के जंगल में एक स्वच्छ व पवित्र पानी का कुंड है जिसे ग्रामीण सदियों से मावली पानी के नाम से जानते हैं। मावली अर्थात देवी और मावली पानी यानी देवी मां के वरदान से युक्त पानी। मावली पानी का विशेष महत्व बसंत पंचमी व माघ पूर्णिमा के दिन स्नान का है। गांव के अबोध ग्रामीण इस मावली पानी को अर्द्ध कुंभ का दर्जा देते हैं। इस पानी में स्नान करने के अनेक लाभ ग्रामीण गिनाते हैं। इसी मान्यता के कारण दूर दूर से इस मावली पानी में स्नान आते रहते हैं। खासकर माघी पूर्णिमा के दिन इस स्थल पर विशेष भीड़ देखी जाती है। इस पानी में चर्म रोग दूर होने की बात भी कही जाती है। आसपास के ग्रामीणों के लिए यह पानी वरदान साबित होता है, इतना ही पता चलने पर दूर दूर से लोग इस पानी में स्नान करने आते रहते हैं। लगातार इस स्थल पर भीड़ बढ़ती जा रही है।

शिल्पकला
नर्मदा प्रसाद ताम्रकार

## अपनी विरासत को आगे बढ़ाने असहाय महसूस कर रहे शिल्पकार

दुर्ग जिला मुख्यालय से 35 कि मी दूर बेमेतरा मार्ग पर धमधा स्थित है। कांसे के बर्तन और मूर्तियां बनाने का काम यहां ताम्रकार परिवार के लोग ही करते हैं। यह ताम्रकार कांसे के अलावा तांबा एवं पीतल के बर्तन भी बनाते हैं। मूलतः इनके पूर्वज हैहयवंशी नरेशों के शासन काल में सिक्कों की ढलाई का काम किया करते थे। संभवतः ताम्र धातु को आकार देने के कार्य से ही ताम्रकार उपनाम इस वर्ग विशेष के साथ जुड़ गया होगा। वैसे यह सूर्यवंशी कहलाते हैं। सिक्कों की ढलाई के अलावा राजप्रसाद के लिए उत्तम कलाकृतियुक्त सजावटी मूर्तियां या पात्र या अन्य उपयोगी बर्तनों का निर्माण भी यह करते हैं। यहां के कारीगरों द्वारा बनाई गई कलात्मक मूर्तियां आज भी देखी जा सकते हैं। उन मूर्तियों को बनाने वाले कारीगर अभी धमधा में हैं जो कई स्तरों पर पुरस्कृत हो चुके हैं। हैहयवंशी नरेशों के पतन के बाद इस जाति ने अपनी कला को व्यवसाय का रूप दिया और धीरे धीरे कांसा एवं पीतल के बर्तनों के लिए धमधा एक प्रमुख केन्द्र बन गया। इस प्रकार धमधा में कांसा पात्र उद्योग एक परंपरागत कुटीर उद्योग के रूप में विकसित हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व से ही न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य प्रदेशों में भी धमधा में बने पात्र की खपत होने लगी और बर्तन व्यवसाय में धमधा का नाम बहुत ही चर्चित हो गया। अब आज परिस्थिति ठीक विपरीत होता जा रहा है। कच्चे माल की कमी, ढुलाई लागत में लगातार वृद्धि होने के साथ सहकारिता विभाग के असहयोग के कारण इस उद्योग में संकट गहराने लगा है। अब इस व्यवसाय में जुड़े लोगों में कमी देखी जा रही है। शासकीय प्रोत्साहन और बाजार में कमी भी इस व्यवसाय को प्रभावित किया है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

सुरता
महेश श्रीवास

## साहित्य व कला क्षेत्र में समर्पित रहते थे लखनलाल

**बिलासपुर अंचल में लोक साहित्य और कला के लिए समर्पित रह कर काम करने वालों में लखनलाल विश्वकर्मा का नाम आदरपूर्वक लिया जाता है। विश्वकर्मा जी कुशल हारमोनियम वादक के साथ सिद्धहस्त गायक थे। अपने लिखे गीतों को लयबद्ध गायन करते थे। कवि सम्मेलन के मंचों पर अपनी कविता से विशेष छाप छोड़ जाते थे। आप बिलासपुर के समन्वय साहित्य समिति के कर्मठ कार्यकर्ता थे।**

साहित्य के प्रति रुचि रखने वालों को समिति में आप शामिल करते थे। नई प्रतिभावों को आगे बढ़ाने में लगे रहते थे। आपकी समिति के प्रति लगाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आपने समिति के प्रति भाव कविता के रूप में प्रकट किए -

समन्वय समन्वय समन्वय,
नव निर्माण है समन्वय।
संगीत की लय ताल मात्रा,
सुर तान है समन्वय।

आप छत्तीसगढ़ी में लेखन को ज्यादा प्राथमिकता देते रहे। आप आंचलिक परिदृश्यों को ज्यादा प्राथमिकता के साथ अपनी रचना का आधार बनाते थे-

गोड़ असन तोरे हावय बस्तर,
मुड़ असन हे सरगुजा।
दुरूग पेट हे रयपुर छाती,
बिलासपुर रयपुर भुजा।

आप कठिन विधा पर भी लेखन करते थे, जिसमें लघु कथा संग्रह ' रामसुधा रस' शीर्षक से प्रकाशित कराया।



इसके बाद भरतजी पर खंड काव्य की रचना कर रहे थे, जिसका शीर्षक ' भरत विषाद ' रखा था, जो लगभग पूर्णता की ओर था, लेकिन दुर्भाग्यवश इस संकलन के प्रकाशन के पहले काल कवलित हो गए। इसी तरह उनकी और भी कृतियां अधूरी रह गई। साहित्यकारों के बीच अल्प समय में पहचान बनाने वाले इस साहित्यकार का बिछुड़ना एक अपूरणीय क्षति है।

## जैकेट के शेष

### गमगीन माहौल में ....

इस वाहन में शहीद गिरेपुंजे के फोटो और नाम लिखा बैनर भी लगाया गया था, जिसमें शहादत को नमन लिखा था। इस अंतिम यात्रा में उनके परिवार, रिश्तेदारों एवं आम लोगों के साथ प्रशासनिक एवं पुलिस अफसर भी शामिल हुए। शव यात्रा घर से निकलकर सीधे माना स्थित पुलिस बटालियन पहुंची, जहां शहीद गिरपुंजे के पार्थिव शरीर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री अरुण साव एवं पुलिस अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पूरे सम्म्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरन्दर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, शहीद के परिजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

**पत्नी ने सैल्यूट कर दी विदाई :** माना पुलिस बटालियन में शहीद गिरेपुंजे को राजकीय सम्मान देने के बाद विदाई के दौरान शहीद की पत्नी ने भी आंखों में आंसू होने के बाद भी सैल्यूट करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी।

शहीद गिरेपुंजे की अंतिम यात्रा के दौरान लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, आकाश तेरा नाम रहेगा के नारे लगते रहे। इन नारों की गूंज शहीद के घर से लेकर मुक्तिधाम तक रही।

### मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष ....

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद गिरेपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

### आगजनी के बाद ....

प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि नक्सलियों ने आगजनी की घटना के बाद जांच करने पहुंचने वाले सुरक्षाबलों को निशाना बनाने लगभग 5 मीटर की दूरी पर दो प्रेशर आईईडी प्लांट कर रखा था। जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ कि नक्सलियों द्वारा कमांड आईईडी की जगह प्रेशर आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। जांच में कमांड आईईडी प्लांट करने का पता नहीं लगा है। आईजी ने कहा कि सुरक्षाबलों की बजाए मवेशी या क्रेशर प्लांट में काम करने वाले मजदूर व अन्य भी प्रेशर आईईडी की चपेट में आ सकते थे, लेकिन दुर्भाग्यवश यह हादसा हुआ और हमने होनहार एएसपी को खो दिया। आईजी ने कहा कि किस तरह से घटना हुई इसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में माओवादियों द्वारा दो प्रेशर आईईडी प्लांट किए जाने का पता लगा है। एक प्रेशर आईईडी ब्लास्ट हुआ, दूसरे को सुरक्षित बरामद कर डिफ्यूज किया गया।

**तीन चार दिन पूर्व पोकलेन खराब होने से किया गया था खड़ा :** प्रारंभिक जांच में यह पता लगा है कि पोकलेन तीन चार दिन पूर्व खराब हुआ था। जिसकी वजह से उसे खदान में ही छोड़ा गया था। सामान्य स्थिति में उस इलाके में काम करने के बाद ठेकेदार सभी वाहनों को करीब के कैम्प में रखा जाता है। बावजूद प्रारंभिक जांच के बाद इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि पोकलेन वास्तव में खराब हुआ था या प्लानिंग का हिस्सा था। इसकी जांच की जा रही है। जांच में जल्द ही यह बात सामने आएगी। मौके पर फारेंसिक टीम द्वारा प्रेशर आईईडी के केमिकल सेंपल लिया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। खदान इलाका होने से चारों तरफ मिट्टी पत्थर व गड्ढे. थे, जिसकी वजह से प्रेशर आईईडी डिटेक्ट नहीं कर सके।

### इसलिए प्रेशर आईईडी ....

करना संभव नहीं हो सका। प्रारंभिक जांच में इस बात की संभावना अधिक नजर आई कि नक्सलियों ने आगजनी के बाद प्रेशर आईईडी प्लांट किया था। नक्सलियों को यह पता था कि आगजनी की जांच के लिए पुलिस जरूर आएगी। इसलिए जांच दल को निशाना बनाने का नक्सलियों ने प्लान कर रखा था। कमाण्ड आईईडी होता तो जांच टीम को पता लग गया होता प्रेशर आईईडी होने की वजह से इस बात का पता नहीं लग सका। अगर जांच दल से पूर्व कोई भी वहां पहुंचता, तो उन्हें यह नुकसान होता।

### केंद्रीय मंत्री शाह 16 को ....

का ऐलान किया है। इसके बाद से ही प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम , प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के अधिकारियों के साथ श्री शाह से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में श्री शाह ने प्रदेश सरकार के साथ ही अधिकारियों की पीठ भी थपथपाने का काम किया था। उनको एक बार फिर से बस्तर आने का न्योता दिया गया था। अब उनका 16 जून को आने का कार्यक्रम बना है।

### एएसआई की हत्या, आरोपी ...

निवास करता था। नरेंद्र सिंह परिहार बांगो थाना में अपनी सेवा दे रहा था। इस दौरान 10 मार्च 2023 को नरेंद्र सिंह परिहार की लाश औंधे मुंह उसके बिस्तर में पड़ी हुई मिली थी। बांगो थाना के तत्कालीन व वर्तमान के तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र की इसकी विवेचना प्रारंभ की। उन्होंने मोबाइल लोकेशन के माध्यम से चार दिन के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी ग्राम कोनकोना निवासी करण गिरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने एएसआई की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

### कंपनी के गुंडों के ....

मजदूरों ने घर वापस जाने की बात कही। जिसे कंपनी के कथित लठैतों ने ऐसे कैसे जा सकते हो, कहकर मारपीट की थी। जिससे डर कर 9-10 जून की मध्य रात्रि को 11 मजदूर कंपनी के लोगों से बचते हुए निकल गए। उन्हे डर था कि कहीं कंपनी के लोग आकर पकड़ ने लें। इसलिए दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन नहीं गए एवं वहां से जंगल के रास्ते नजदीक कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के लिए रेलवे के ट्रैक पर चल रहे थे, जिससे कंपनी के लोग उसे पकड़ न सके।

## एनएसजी का बड़ा खुलासा

# जम्मू एयरपोर्ट को उड़ाने की थी साजिश पाकिस्तान ने भेजा था 20 किलो विस्फोटक

**नई दिल्ली।** देश की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी एनएसजी के महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन ने पाकिस्तान की एक नापाक हरकत का पर्दाफाश किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना ने जम्मू एयरपोर्ट को उड़ाने की साजिश रची थी। इसके लिए पाकिस्तानी ड्रोन 20 किलो विस्फोटक लेकर आया था, जिसे एनएसजी और सुरक्षा बलों न मिलकर निष्क्रिय कर दिया था। विस्फोटक को समय रहते निष्क्रिय करके सुरक्षा एजेंसियों और एनएसजी ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को नाकाम कर दिया था। दिल्ली में हुए एक सेमिनार में महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन ने यह खुलासा किया। इस सेमिनार ने दुनियाभर के कई देशों ने हिस्सा लिया। सेमिनार की अध्यक्षता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने की। वहीं सेमिनार में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर पर कई खुलासे किए गए।

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर**
टाटीबंध, जीई रोड, रायपुर 492 099 छत्तीसगढ़

स. एम्स/आरपीआर/परीक्षा/2025/112, दिनांकः 10.06.2025

**प्रवेश सूचना**

एम्स, रायपुर मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) कोर्स- 2025 सत्र में प्रवेश हेतु प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
**ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथिः 02.06.2025**
**परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 24.06.2025**
**प्रवेश परीक्षा (लिखित परीक्षा) की तिथिः 09.07.2025 (बुधवार)**
**समय** - सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक स्थान- **एम्स, रायपुर**
विस्तृत जानकारी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अद्यतन के लिए कृपया एम्स, रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in का नियमित अवलोकन करें। - अधिष्ठाता (परीक्षा)

**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, व्यवसायिक परिसर, चतुर्थ तल दक्षिण पूर्व कार्नर, सेक्टर- 27, नवा रायपुर (छ.ग.) - 492015**

**निविदा सूचना क्र. /1666/ सी.जी.एम.एस.सी.लिमि. /उपकरण /2025-26**

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर सी. जी. के माध्यम से उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले रीएजेंट /कंट्रोल/ कंज्यूमेबल/ कैलिब्रेटर के क्रय हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से निम्नलिखित ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जा रही है-

| S.N. | Name of Equipment |
|---|---|
| 1 | Electrolyte Analyzer (Ise Based) |
| 2 | Automated 5 Part Hematology Analyzer |
| 3 | Chemilumimescemce Immunoassay System (Automated Harmon Analyzer, |

निविदा दस्तावेजों का विवरण छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट https://www.cgmsc.gov.in एवं https://www.eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 11.06.2025 से 30.06.2025 के मध्य डाउनलोड किया जा सकता है तथा समय-समय पर जारी से निविदाओं में विभिन्न संशोधनों के लिए उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

दिनांक : 10.06.2025

वास्ते /-
प्रबंध संचालक
छ.ग. मेडिकल सर्विसेस कार्पो.
लिमि. नवा रायपुर

S-44139/1

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - राजनांदगांव**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों / आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100 /2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4 / 2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड / भवन क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी सामान्य आवास योजना लखोली, राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती प्रियंका पंचोली पति श्री अमित पंचोली भवन क्रमांक सामान्य आवास योजना जे-2 / 2, लखोली राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–राजनांदगांव**

**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर**
**द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)**
E-mail :www.sanskriti rajbhasha@gmail.com in. Webside:www.cgculture.in phone no: 0771-2995629 (0)

क्रमांक 6363/ संस्कृति एवं राजभाषा / निविदा / 2025 रायपुर, दिनांक 09/06/2025

**निविदा संक्षिप्त सूचना**

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा दो वर्ष के लिए आयोजित होने वाले विविध आयोजन के लिए इच्छुक स्थानीय अनुभवी प्रतिष्ठित टेन्ट / लाईट / साउण्ड / खानपान प्रदायक / छायाकार / विडियोग्राफर / फूल सज्जा / फेब्रिक व्यवस्था हेतु निविदाकर्ताओं के एम्पैनलमेंट हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है ।

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा रायपुर से कार्य हेतु राशि रू. 2000/- जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। तिथियां निम्न हैः-

| क्र. | निविदा विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज क्रय करने की अंतिम तिथि | 14.07.2025 समय सायं 5.00 बजे तक |
| 2 | प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि | 15.07.2025 समय सायं 5.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि (तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव ) | 16.07.2025 समय 12.00 बजे |

उपरोक्तानुसार निविदा प्रक्रिया मुहरबंद लिफाफा में आमंत्रित की जाती है । विस्तृत जानकारी कार्यालय संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, रायपुर के वेबसाईट www.cgculture.in में भी देखा जा सकता हैं।

**संचालक**
**संस्कृति एवं राजभाषा**

G-252601466/2

**छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(ISO 9001:2015 Certified)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रिंग रोड नं.-1, तेलीबांधा, रायपुर 492006 (छ.ग.)
दूरभाष : कार्यालय- 0771-6621000, फैक्सः 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address: csidc_raipur@yahoo.com, csidc cg@nic

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

निविदा क्र.04 एवं 05/का.अ. सं.-1/सीएसआईडीसी/2025-26, रायपुर दिनांक 10/06/2025

ऑनलाईन फार्म 'B' (आईटम दर) पर वांछित श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में ए वर्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रथम ऑन-लाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 04 10/06/2025 | Construction of Building work (G+4), 224 Bedded "Working Women Hostel" Including Premises Development, Fire Fighting, Lift, Air Conditioning Electification etc. at Koni Distt. Bilaspur (C.G.) | 1870.00 लाख | 9.35 लाख | 3540/- |
| 05 10/06/2025 | Construction of Building work (G+4), 224 Bedded "Working Women Hostel" Including Premises Development, Fire Fighting, Lift, Air Conditioning Electification etc. at Uslapur Distt. Bilaspur (C.G.) | 1870.00 लाख | 9.35 लाख | 3540/- |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की Mjunction Service Limited वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12/06/2025 समय 17:01 बजे से देखे तथा डाऊनलोड किये जा सकते है।

**नोट :-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को Mjunction Service Limited वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर पंजीयन तथा वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित करवाना अनिवार्य है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**(संभाग -01)**

S-44145/2 कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे csidc.in

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
First Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.-1, Telibandha, Raipur-492006 (C.G.)
Ph.0771-6002071, 72, 73 Fax:0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in.csidc_raipur@yahoo.com

NIT No 03/CSIDC/Division-1/2025-26 Raipur, dated 10/06/2025

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

The Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development and other related activities in the State, envisages to construct a 224+224 SEATED (02 Locations) WORKING WOMAN HOSTEL BUILDING AT KONI & USLAPUR DISTT. BILASPUR (C.G.)"

The proposals are invited for "RENDERING SERVICES AS ARCHITECTURAL CONSULTANT FOR Construction of Building work (G+4), 224 + 224 Bedded (02 Location) "Working Women Hostel" Including Premises Development, Fire Fighting & Furnishing etc. at Koni and Uslapur Distt. Bilaspur (C.G.)

1. From expert architectural consultants registered with INDIAN COUNCIL OF ARCHITECTS, having experience of at least one such project of building of project cost not less than Rs.1000.00 Lakhs or two projects of project cost not less than Rs.500.00 Lakhs completed successfully for any Government, Semi-Government, Public Sector organization or reputed Registered Builders/Colonizers in last five years.
2. EOI document containing detailed terms and conditions & Scope of work can be downloaded from website www.csidc.in or can be obtained from CSIDC office on or before 03/07/2025 during office hours on payment of cash Rs.3540/- (Rupees Three thousand five hundred forty only) or by Demand Draft in favour of the Managing Director, CSIDC payable at Raipur (C.G.)

Executive Engineer
(Division-I)

S-44148/1

## पेज एक के शेष

### घोटालों की भारतमाला, जांच...

है। एक-एक शिकायत की जांच होने से मुआवजा घोटाले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की संभावना है।

### भूमि अधिग्रहण के लिए...

हेक्टेयर था। इन खसरा-रकबा के भू-स्वामियों की संख्या करीब 17 थी, लेकिन खसरा और रकबा को विभाजित करने के बाद इसी भूमि के 97 भूस्वामी बना दिए गए। इसी आधार पर सभी 97 भूस्वामियों को मुआवजा भी दिलाया गया।

### हत्या के बाद इंदौर...

लेकर गाजीपुर रवाना हो गई थी। उसकी कॉल डिटेल से पता चलता है कि उसकी इस दौरान अपने भाई से बात हुई। उसी ने सरेंडर किस तरीके से करना है? यह समझाया। उसी ने सरेंडर का टाइम भी तय किया। उसी प्लान के मुताबिक, सोनम ने गाजीपुर में सरेंडर कर दिया था। एसपी विवेक के मुताबिक, 16 मई को इंदौर के सुपर कॉरिडोर के अवंतिका कैफे में सोनम-राज व बाकी चार आरोपियों ने लगभग 6 घंटे तक बैठकर राजा की हत्या की साजिश का खाका खींचा था। राज ने सभी को पूरा प्लान समझाया था। कैसे सोनम शिंलाग जाएगी? कैसे वह राजा को एक सुनसान इलाके में ले जाएगी।

### पाकिस्तान में ....

समर्थन जुटाना था। "ऑपरेशन सिंदूर" भारत की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत देश ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की और वैश्विक मंच पर इसे उजागर किया। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न देशों में भारत की इस कार्रवाई को सही ठहराया और वैश्विक नेताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की और शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता तथा आतंकवाद के खतरे को खत्म करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

### दुनिया को दिया ...

आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद लेकर गए थे। **3. भारत जिम्मेदार और संयमित :** भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया।

## राशिफल


**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
